संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

# दैनिक घटती घटना

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक-18 मंगलवार ,19 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## देश की संक्षिप्त खबरें

### विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में शामिल हुए कैलाश गहलोत




**नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024(ए)।** दिल्ली की राजनीति में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। दरअसल पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता कैलाश गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। आज सोमवार को बीजेपी के हेडक्वार्टर में भाजपा नेता मनोहर लाल खट्टर, जय पांडा, दुष्यंत गौतम और हर्ष मल्होत्रा की मौजूदगी में गहलोत ने भाजपा का दामन थाम लिया।

### 7 पुलिसकर्मी हुए गिरफ्तार शराब बरामद



**पटना,18 नवम्बर 2024(ए)।** बिहार में जिसके जिम्मे शराबबंदी कानून को सफल करने की जिम्मेदारी है, उसी के पास से अब शराब बरामद हो रही है। इसी तरह का एक मामला सोमवार को सामने आया, जब पुलिस ने एंटी लिकर टास्क फोर्स (एएलटीएफ) के सात पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार किया है। इनके आवासन स्थल से देसी और विदेशी शराब भी बरामद की गई है। एक अधिकारी ने बताया कि वैशाली पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि महुआ थाना क्षेत्र में तैनात एएलटीएफ के आवासन स्थल पर शराबबंदी कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है। यहां न केवल शराब का सेवन किया जा रहा है बल्कि शराब का व्यापार कर शराबबंदी कानून को नहीं माना जा रहा है ।

### भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के निधन पर मोदी ने जताया शोक



**नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024(ए)।** भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के प्रपौत्र गिरिधर मालवीय के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उनका जाना शिक्षा जगत के साथ-साथ पूरे देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। गंगा सफाई अभियान में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

### भाजयुमो नेता ने रेप केस के बाद पद से दिया इस्तीफा



### इधर बीजेपी ने कांग्रेस पर पीड़िता की पहचान उजागर करने का लगाया आरोप

**भोपाल,18 नवम्बर 2024 (ए)।** बालाघाट जिले के भाजयुमो जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सोहागपुरे पर महिला से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगा है। जिसके बाद उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार को अपना इस्तीफा सौंपा है।भूपेंद्र सोहागपुरे ने कहा कि मेरी वजह संगठन की छवि खराब न हो इसलिए इस्तीफा दे रहा हूं। वहीं इस मामले को लेकर पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। लेकिन इसके चलते उन्होंने एक नई मुसीबत मोल ले ली। भाजयुमो नेता पर आरोप लगाने के चक्कर में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एफआईआर की कॉपी अपलोड कर पीड़िता की पहचान उजागर कर दी।

# चुनाव से पहले 1082 करोड़ कैश,शराब,ड्रग्स जब्त

- » महाराष्ट्र-झारखंड में थमा चुनाव प्रचार...
- » चुनाव आयोग ने खोला कच्चा चिट्ठा...
- » महाराष्ट्र और झारखंड में 2019 की तुलना में सात गुना अधिक...
- » महाराष्ट्र व झारखंड में 2019 की तुलना में सात गुना अधिक जब्ती...
- » अधिकारी अगले दो दिनों तक प्रलोभनों पर रखेंगे कड़ी निगरानी...
- » राजस्थान के नागौर जिले में शराब की बड़ी खेप भी पकड़ी गई...

**नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024(ए)।** महाराष्ट्र और झारखंड में 20 नवंबर को मतदान है। 14 अन्य राज्यों की कई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी हुए हैं। इस दौरान चुनाव आयोग ने जानकारी दी है कि प्रवर्तन एजेंसियों ने 1000 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी,शराब,ड्रग्स और मुफ्त उपहार जब्त किए हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड में कुल 858 करोड़ रुपये की जब्ती की गई है। यह आंकड़ा 2019 विधानसभा चुनाव की तुलना में सात गुना अधिक है। 2019 में चुनाव के वक्त महाराष्ट्र में 103.61 और झारखंड में 18.76 करोड़ की जब्ती की गई थी।

### दो दिनों तक कड़ाई का निर्देश

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सभी प्रवर्तन एजेंसियों, केंद्रीय पर्यवेक्षकों और पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों को चुनावों में धनबल की भूमिका पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। अगले दो दिनों तक कड़ी निगरानी रखने को भी कहा गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक महाराष्ट्र के पालघर जिले के वाडा पुलिस स्टेशन क्षेत्र में एक जीप से 3.70 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई। बुलढाणा जिले के जामोद एसी में 4.51 करोड़ रुपये का 4500 किलोग्राम गांजा तब्त किया गया। रायगढ़ में 5.20 करोड़ रुपये की चांदी की छड़ें भी मिलीं।







### राजस्थान में शराब की खेप बरामद

चुनाव आयोग की सख्ती की वजह से कई स्थानों पर भारी मात्रा में शराब भी बरामद की गई। राजस्थान के नागौर में शराब के 449 कार्टून को पकड़ा गया। शराब की इस खेप को आलू के पीछे छिपाया गया था। आयोग का कहना है कि कड़ी निगरानी की वजह से ही जब्ती में इजाफा हुआ है। 20 नवंबर को महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर मतदान है। इसी दिन झारखंड की बाकी सीटों पर वोटिंग होगी। झारखंड में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को हुआ था। 23 नवंबर को मतगणना होगी।

### महाराष्ट्र में वोटरों को ऐसे लुभाया गया

आयोग ने बताया कि महाराष्ट्र में वोटरों को लुभाने के लिए सबसे अधिक 282 करोड़ रुपये का कीमती मेटल से बने विभिन्न तरह के सामान पकड़े गए। दूसरे नंबर पर यहां 153 करोड़ रुपये की नकदी पकड़ी गई। जो वोटरों को बांटने या उन्हें किसी भी तरह से लुभाने के लिए ले जाई जा रही थी।

### 81 करोड़ रुपये के गिफ्ट पकड़े गए

तीसरे नंबर पर करीब 81 करोड़ रुपये के गिफ्ट पकड़े गए। इसी तरह से झारखंड में सबसे अधिक 152 करोड़ रुपये के गिफ्ट पकड़े गए। दूसरे और तीसरे नंबर पर करीब 15-15 करोड़ रुपये की नकदी और ड्रग्स जब्त की गई। उपचुनावों के लिए भी सबसे अधिक 121 करोड़ रुपये से अधिक की कीमत के गिफ्ट आइटम पकड़े गए।

### झारखंड में अवैध खनन सामग्री जब्त

झारखंड में भी पिछले चुनाव की तुलना में इस बार अधिक जब्ती की गई है। मगर इस बार चुनाव आयोग का अधिक फोकस अवैध खनन पर था। नतीजा यह हु कि प्रवर्तन एजेंसियों ने अवैध खनन सामग्री और मशीनों को जब्त किया। साहिबगंज जिले के राजमहल में 2.26 करोड़ रुपये की अवैध खनन सामग्री जब्त की गई। पड़ोसी राज्यों से आने वाली नशे की खेप पर भी प्रवर्तन एजेंसियों की निगाह थी। डाल्टनगंज में 687 किलोग्राम पोस्ता भूसा और हजारीबाग में 48.18 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने जीआरएपी-4 की पाबंदियां लागू करने में देरी पर सीएक्यूएम को लगाई फटकार


**नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में तेजी से बढ़ रहे वायु प्रदूषण को लेकर सुनवाई की। इसमें कोर्ट ने वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के बेहद गंभीर स्थिति में पहुंचने के बाद भी ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के चौथे चरण के प्रतिबंध लागू में देरी करने पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को फटकार लगाई।कोर्ट ने पूछा की आखिर जीआरएपी-4 की पाबंदियां लागू करने में 3 दिन की देरी क्यों की गई। सुनवाई की शुरुआत में दिल्ली सरकार के वकील ने कहा कि सोमवार सुबह 8 बजे से दिल्ली और एनसीआर में जीआरएपी-4 की पाबंदियां लागू कर दी गई है। इस पर जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, जब एक्यूआई 300 से 400 के बीच पहुंचता है, तो चरण 4 लागू करना पड़ता है। आप इसे लागू करने में देरी करके जोखिम कैसे उठा सकते हैं। यह 3 दिन पहले लागू होना चाहिए था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम यह जानना चाहते हैं कि दिल्ली सरकार ने क्या किया है। अब अगर एक्यूआई 400 से नीचे भी आ जाता है तो भी हम आपको जीआरएपी -4 पाबंदियां वापस लेने की अनुमति नहीं देंगे। कोर्ट ने कहा, सरकार इस बात को ध्यान में रख ले कि जीआरएपी-4 की पाबंदियां तब तक जारी रहेगा, जब तक अदालत इसकी अनुमति नहीं देती है। अब इस मामले में आगे की सुनवाई दिन के कामकाज के आखिरी में की जाएगी। दिल्ली में रविवार शाम 7 बजे एक्यूआई 457 पर पहुंच गया था। उसके बाद ही सीएक्यूएम ने जीआरएपी-4 पाबंदियां लागू करने का आदेश दे दिया था।इसके बाद भी प्रदूषण पर कोई असर नहीं पड़ा और सुबह 7 बजे एक्यूआई 450 दर्ज किया गया है। बता दें, 450 से अधिक एक्यूआई को बेहद गंभीर श्रेणी में माना जाता है। इधर,भारतीय मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में अगले 6 दिन तक एक्यूआई गंभीर या बेहद गंभीर श्रेणी में बना रहेगा।

दिल्ली में जीआरएपी के चौथे चरण की पाबंदियों में आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बीएस-3 वाले पेट्रोल वाहनों और बीएस-4 के डीजल वाहनों के दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है।इनमें बाहरी राज्यों में पंजीकृत वाहन भी शामिल हैं।

हाईवे,सड़क,फ्लाईओवर,बिजली लाइनों, पाइपलाइनों और अन्य सार्वजनिक परियोजनाओं सहित सभी निर्माण गतिविधियों पर रोक रहेगी।दिल्ली के बाहर पंजीकृत हल्के वाणिज्यिक वाहनों के भी प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा और जीआरएपी -3 की पाबंदियां जारी रहेंगी।

सीएक्यूएम ने जीआरएपी -4 के तहत दिल्ली और एनसीआर में कक्षा 6 से 9 तक की पढ़ाई ऑनलाइन कराने के आदेश दिए हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने आदेश जारी कर दिया। हालांकि, कक्षा 10 और 12 की कक्षाएं ऑफलाइन ही जारी रहेंगी।



### कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश

प्रदूषण को देखते हुए सीएक्यूएम ने अभी कर्मचारियों को घर से काम करने का आदेश नहीं दिया है, लेकिन उसने दिल्ली सरकार और केंद्र को सुझाव दिया है कि वह सरकारी, नगर निगम और निजी कार्यालयों को 50 प्रतिशत क्षमता पर काम करने और बाकी को घर से काम करने की अनुमति दे सकती है। इसी तरह राज्य सरकार कॉलेजों को भी बंद कर सकती है और सड़कों पर वाहनों के लिए सम-विषम लागू कर सकती है।



## मोदी सरकार ने मणिपुर भेजी सीआरपीएफकी 50 और कंपनियां

**नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024(ए)।** भारत का उत्तर-पूर्वी राज्य मणिपुर एक बार फिर हिंसा की आग में सुलग रहा है। इसी बीच, मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह ने सोमवार को 6 बजे एनडीए के मंत्रियों और विधायकों की एक मीटिंग बुलाई है। अधिकारियों ने कहा कि यह मीटिंग इसलिए बुलाई गई है ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की जा सके। यह पूरा का पूरा घटनाक्रम ऐसे टाइम में हो रहा है जब एनपीपी के सात विधायकों ने बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। एनपीपी ने दावा किया कि राज्य की बीरेन सिंह सरकार पूर्वोत्तर राज्य में समस्या को हल करने में पूरी तरह से नाकामयाब साबित हुई है। एनपीपी के बीजपी से समर्थन वापस लेने से भी बीजेपी पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बीजेपी के पास अपने 32 विधायकों के साथ बहुमत हासिल है। एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार को नगा पीपुल्स फ्रंट के पांच विधायकों और जेडीयू के छह विधायकों का भी समर्थन हासिल है। इस बीच, मुख्यमंत्री के सचिव निंगथौजम ज्योफ्रे ने मणिपुर अखंडता पर समन्वय समिति को लिखे पत्र में इंफाल घाटी में शक्तिशाली निकाय से आग्रह किया कि वह इस जरूरी मोड़ पर किसी भी तरह के हिंसक आंदोलन से बचे।




## रेलवे के डीआरएम को 25 लाख रूपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**मुंबई,18 नवम्बर 2024 (ए)।** सीबीआई ने रिश्वत लेने के मामले में रेलवे के उच्च अधिकारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, सीबीआई ने ईस्ट-कोस्ट रेलवे के डिवीजनल रेलवे मैनेजर सौरभ प्रसाद को एक निजी कंपनी के मालिक से 25 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

### पेनाल्टी कम करने के एवज में ली रिश्वत

सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी सौरभ प्रसाद को मुंबई में गिरफ्तार किया गया। विशाखापत्तनम में वाल्टेयर मंडल के रेलवे प्रबंधक के पद पर तैनात भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा के 1991 बैच के अधिकारी प्रसाद कथित तौर पर पूर्वी तटीय रेलवे द्वारा दिए गए ठेकों में खराब प्रदर्शन के लिए जुर्माना कम करने और 3.17 करोड़ रुपये के बिलों के भुगतान के बदले में मुंबई स्थित डी. एन. मार्केटिंग के मालिक सानिल राठौड़ से रिश्वत ले रहे थे।

### फर्म के मालिक भी गिरफ्तार

बताया गया कि ये ठेके डीएन मार्केटिंग और पुणे स्थित एचआरके सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने हासिल किए थे, जिसका नियंत्रण आनंद भगत के पास था। सीबीआई ने कहा कि उसने राठौड़ और भगत को भी गिरफ्तार किया है।

### 11 जगह ली गई तलाशी

सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बयान में कहा, गिरफ्तारियों के बाद सीबीआई ने मुंबई, विशाखापत्तनम, पुणे, वडोदरा और कोलकाता में 11 स्थानों पर छापे मारे। डीआरएम प्रसाद के मुंबई स्थित आवास पर छापेमारी रविवार को भी जारी रही, क्योंकि तीन अलमारियां बंद थीं और चाबियां उपलब्ध नहीं थीं।

## पूर्व सीएम पर शिकंजा,महिला आयोग ने इस मामले में मांगा जवाब

**अमृतसर,18 नवम्बर 2024 (ए)।** पंजाब महिला आयोग ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. चन्नी पर विधानसभा क्षेत्र गिद्दड़बाहा में चुनावी रैली के दौरान महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है. महिला आयोग की अध्यक्ष ने नोटिस में लिखा,पंजाब राज्य महिला आयोग अधिनियम, 2001 की धारा 10 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए महिलाओं के अधिकारों, सम्मान और सुरक्षा के उल्लंघन से संबंधित मामलों का स्वत: संज्ञान ले सकता है. नोटिस में आगे कहा गया है कि सोशल मीडिया पर चन्नी का एक वीडियो वायरल हो रहा है. यह वीडियो गिद्दड़बाहा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली के दौरान का है, जिसे चन्नी संबोधित कर रहे हैं.



आरोप है कि इस दौरान चन्नी ने महिलाओं के प्रति बहुत ही अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की है. बता दें की जिस गिद्दड़बाहा विधानसभा क्षेत्र में चन्नी प्रचार करने पहुंचे थे, वहां कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार अमृता वरिंग भी मौजूद थीं. आरोप के मुताबिक वायरल हो रहे इस वीडियो में न केवल महिलाओं बल्कि जाट समुदाय और हिंदू समुदाय के खिलाफ भी बहुत ही शर्मनाक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है. नोटिस में कहा गया है कि ऐसा करके आपने न केवल पूरी महिला जाति की गरिमा को ठेस पहुंचाई है, बल्कि दो समुदायों के बीच दरार पैदा करने की कोशिश की है, जिससे पंजाब में अमन-चैन का माहौल खराब हो सकता है. पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा लोकसभा सदस्य होने के नाते उनकी ओर से ऐसी टिप्पणियां अच्छी नहीं लगतीं.

## घर के बाहर सो रही मां-बेटी को युवक ने मारी गोली



**ग्वालियर,18 नवम्बर 2024 (ए)।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले से हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां अपने घर के बाहर खटिया पर सो रही मां-बेटी पर एक युवक ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। घटना में मां की मौत हो गई है, जबकि बेटी गंभीर रुप से घायल हो गई है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### प्रेम प्रसंग बताई जा रही वारदात की वजह

मिली जानकारी के अनुसार यह घटना ग्वालियर के मोहन थाना क्षेत्र में दौरार गांव की है। जहां रज्जो तथा उसकी मां मीरा अपने घर के बाहर खटिया पर सो रहे थे। इस दौरान एक युवक ने मां-बेटी को गोली मार दी। बताया जा रहा है कि युवक ने प्रेम प्रसंग के चलते उन दोनों पर हमला किया है। गोली लगने से मां की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है।

### युवती ने विष्णु शर्मा नामक युवक पर लगाया गोली मारने का आरोप

इधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। जहां जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है। घायल युवती को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया है एवं मां के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। घायल युवती ने विष्णु शर्मा नामक एक युवक पर गोली मारने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है।

## संपादकीय

# व्हाईट हाउस में लौटने जा रहे ट्रंप

नतीजा वही उभरा,जिसका अनुमान पहले से था। अब डॉनल्ड ट्रंप ह्वाइट हाउस में लौटने जा रहे हैं और उसके साथ ही उनसे जड़ी रहीं तमाम अनिश्चतताओं और आशंकाओं की भी वापसी हो गई हैं। जो बाइडेन व कमला हैरिस प्रशासन ने अपने ही कई फैसलों और नीतियों से खुद अपने समर्थन आधार की जड़ें कमजोर की थी। दूसरी तरफ डॉनल्ड ट्रंप ने गुजरे चार साल में ट्रंपिज्म को ना सिर्फ जिंदा रखा, बल्कि बाइडेन प्रशासन से बढ़े असंतोष को अपने पक्ष में संगठित करने में लगातार जुटे रहे। बाइडेन- हैरिस ने ट्रंप के खिलाफ आधे-अधूरे मन से कानूनी कार्रवाइयां कीं, जिनसे पूर्व राष्टपति के समर्थकों में प्रतिशोध की भावना बढ़ाई। चुनाव अभियान के दौरान दो बार हुए जानलेवा हमलों ने ट्रंप के लिए सहानुभूति और बढ़ा दी। नतीजा चुनाव में लैंडस्लाइड जैसे जनादेश के रूप में सामने आया है।इस लहर पर सवार होकर ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी ने कांग्रेस (संसद) में भी निर्णायक जीत हासिल कर ली है। राज्यों के गवर्नरों के चुनाव में भी रिपब्लिकन पार्टी का पलड़ा भारी रहा। डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रबंधक चुनाव नतीजों की ईमानदारी से समीक्षा करें, तो उन्हें अपनी उन बड़ी गलतियों का अहसास होगा, जिनके कारण उन्हें इतना बड़ा झटका लगा है। ऊंची उम्मीदें जगाकर सत्ता में आने के बाद वादों से मुकरना, विदेश नीति में युद्ध को प्राथमिकता बनाना, और इस भरोसे बैठे रहना कि ट्रंप के भय से लोग डेमोक्रेटिक पार्टी को वोट डालने के लिए विवश बने रहेंगे, पार्टी को भारी पड़ा है। हकीकत यह है कि ट्रंपिज्म का समर्थन आधार लगातार मजबूत बना हुआ है, जो अब रिपब्लिकन पार्टी की आधिकारिक विचारधारा बन चुका है।इसका मुकाबला पुरानी मध्यमार्गी नीतियों से करने की रणनीति के सफल होने की संभावना आरंभ से ही कमजोर थी। ऊपर से बाइडेन की लगातार कमजोर होती गई मानसिक क्षमता डेमोक्रेट्स की बड़ी समस्या बन गई। इसके बीच अचानक कमला हैरिस को उम्मीदवार बनाने का दांव पार्टी ने चला, मगर यह साफ होता गया कि नई उम्मीदें जगाने का हैरिस के पास कोई एजेंडा नहीं है, जबकि बाइडेन की विरासत से रहा उनका जुड़ाव उन्हें महंगी पड़ेगा- यह शुरुआत से स्पष्ट था। आखिरकार नतीजा वही उभरा, जिसका अनुमान पहले से था। अब डॉनल्ड ट्रंप ह्वाइट हाउस में लौटने जा रहे हैं और उसके साथ ही उनसे जड़ी रहीं तमाम अनिश्चतताओं और आशंकाओं की भी वापसी हो गई हैं।

**जन्मदिन पर विशेष**

# अंतिम सांस छिंदवाड़ा की सेवा करते रहूंगा

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में छिंदवाड़ा विधानसभा के विधायक कमलनाथ आज 18 नवंबर को 78 वर्ष के हो गये। परिवर्तन प्रकृति का नियम है समय के अनुसार सब बदलता है, कमलनाथ ने अपने 78 वर्ष में कितने बदलाव देखे है वे ही जानते है किन्तु 1980 से अभी तक के बदलाव हम देख रहे है।कमलनाथ ऐसे नेता रहे है जिनकी पत्नी श्रीमती अलकानाथ एवं पुत्र नकुलनाथ भी सांसद रहे है। परिवार से तीनों सांसद एवं वे मुख्यमंत्री भी रहे है। कमलनाथ इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी के बाल सखा थे वे उनके साथ पढे, 1977 में जब पूरे देश में कांग्रेस का सफाया हो गया था तब देश में कांग्रेस की मात्र दो सीट ही जीती थी जिसमें एक राजस्थान से और दूसरी छिंदवाड़ा से, कांग्रेस के लिये यह सबसे सुरक्षित सीट थी, 1977 में नागपुर के गार्गी शंकर यहा से सांसद चुने गये तब पूरे देश में छिंदवाड़ा का नाम आया।1980 में लोकसभा के चुनाव में सबसे सुरक्षित सीट होने के नाते संजय गांधी ने इंदिरा गांधी पर दबाव डाला और कमलनाथ को छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ानेकी बात कही।कहते है कि इंदिरा गांधी गार्गी शंकर को छिंदवाड़ा से हटाने के लिए तैयार नही थी, किन्तु बाद में गार्गीशंकर को सिवनी से और कमलनाथ को छिंदवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ाने की बात आई और कमलनाथ छिंदवाड़ा से कांग्रेस के प्रत्याशी बने।कमलनाथ युवा एवं नये थे, इंदिरा गांधी उनके चुनाव में प्रचार करने आई और उन्होने कहा कि कमलनाथ मेरे तीसरे बेटे है आप इन्हें जिताईये और विकास की मेरी गारंटी रहेगी। 1980 में इंदिरा गांधी पुनः सत्ता में आई संजय गांधी के कारण कमलनाथ काफी पावर फुल नेता थे। 1979 में उनके चुनाव में कई केन्द्रीय नेता चुनाव प्रचार में आये राज्य की ओर से अर्जुनसिंह एंव उनकी पत्नि श्रीमती सरोज सिंह ने कई दिनों तक छिंदवाड़ा में कैम्प किया।कमलनाथ चुनाव जीत गये, प्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनी, आदिवासी नेता शिवभानु सोलंकी का नाम मुख्यमंत्री के लिए चल रहा था, किन्तु कमलनाथ ने अपने विधायको के साथ अर्जुनसिंह को समर्थन दिया और अर्जुनसिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री बन गये।अर्जुनसिंह के मुख्यमंत्री बनने से कमलनाथ प्रदेश में पावर फुल हो गये, उन्होने अपने प्रभाव से जिले के चार विधायक को मंत्री बनवाया। 1980 में कमलनाथ ने कन्हरगांव परियोजना का अर्जुनसिंह के साथ भूमिपूजन किया, कन्हरगांव पेयजल परियोजना के कारण आज छिंदवाड़ा को पेयजल मिल रहा है।केन्द्र एवं राज्य सरकार में पावर फुल नेता थे।वे छिंदवाड़ा में संजय गांधी को लाना चाहते थे, उसके लिए उन्होने ईमलीखेड़ा में हवाई पट्टी बनवाई, किन्तु दुर्भाग्य से संजय गांधी का विमान दुर्घटना में निधन हो गया और संजय गांधी छिंदवाड़ा नहीं आ पाये।छिंदवाड़ा-नागपुर नैनपुर-परासिया बड़ी लाईन बनाने के लिए कमलनाथ ने इंदिरा गांधी पर दबाव डलवाया किन्तु अफसरों ने लागत ज्यादा आयेगी कहकर उसे टाल दिया। किन्तु छिंदवाड़ा से परासिया लाईन उन्होने बनवा ली।कमलनाथ को जिले की



जनता ने जो सपोर्ट किया,उससे वे काफी प्रभावित थे और छिंदवाड़ा का वे तेजी से विकास चाहते थे। जिले में सड़के, पानी,बिजली की उपलब्धियां है वह कमलनाथ के साथ में जाती है।वे 1980 के बाद लगातार चुनाव जीतते रहे 1997 में प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव ने उन्हे टिकट नहीं दिया तो उनकी पत्नि श्रीमती अलका नाथ चुनाव लड़ी और जीत गई। किन्तु वे ज्यादा समय तक सांसद नही रही, कमलनाथ ने उनसे इस्तिफा दिलवाकर उपचुनाव लड़ा और सुन्दरलाल पटवा ने उन्हें उपचुनाव में हरा दिया जो जिले के लिए ऐतिहासिक घटना थी, किन्तु मुख्य चुनाव में कमलनाथ पुनः जीत गये प्रदेश में अर्जुनसिंह के बाद मोतीलाल बोरा और और दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री रहे तो उनका दबाव वैसा ही था। कमलनाथ की मर्जी से जिले में एस.पी.एवं कलेक्टर की नियुक्ति होती थी, चपरासी का स्थानांतरण भी कमलनाथ की बगैर मर्जी के नहीं होता था। कमलनाथ ने युवाओं के लिए छिंदवाड़ा में स्कील डेवलपमेन्ट पर बहुत काम किया, उनके लिए एन.आई.आई.टी जैसी संस्थायें खुलवाई जिससे हजारों युवाओं को रोजगार मिला, उन्होने हजारों युवाओं को नौकरी भी लगवाई एवं अभी भी हजारों छात्रों को उच्चशिक्षा के लिए फीस देते है। जिससे बच्चे इंजीनियरिंग एंव उच्चशिक्षा प्राप्त कर सकें। 2014 में मोदी प्रधानमंत्री बने और प्रदेश में शिवराजसिंह की सरकार थी, दोनों सरकारों से अच्छे संबंध होने के कारण छिंदवाड़ा में योजनाओं के लाते थे। जब वे केन्द्रीय सड़क मंत्री थे तब उन्होने छिंदवाड़ा की रिंग रोड केलिए केन्द्र का पूरा बजट छिंदवाड़ा को ही दे दिया और छिंदवाड़ा में रिंग रोड बनी।पिछले विधानसभा में चुनाव में कमलनाथ की सरकार बनी और वे मुख्यमंत्री बने और उन्होने प्रदेश का बजट छिंदवाड़ा को दे दिया, मेडिकल कॉलेज, सिंचाई काम्पलेक्स, हवाई अड्डा, कृषि कॉलेज एंव अन्य कई योजनायें उन्होने छिंदवाड़ा में लाई किन्तु उनकी सरकार नहीं चली, वे मुख्यमंत्री पद से हटाये गये, भाजपा की सरकार आई और उन्होने कमलनाथ की सभी योजनायें को रोक दिया।विधानसभा में भाजपा की सरकार बनी शिवराज के बाद डॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री बने ।फिर लोकसभा चुनाव आ गये कमलनाथ ने सांसद पुत्र नकुलनाथ को छिंदवाड़ा लोकसभा से उतारा, प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, अतः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कैलाश विजय वर्गीय एवं अन्य लोगों ने मेहनत की और नकुलनाथ चुनाव हार गये और भाजपा से पहली बार छिंदवाड़ा का ही बेटा विवेक बंटी साहू सांसद बना।इस चुनाव के पहले राहुल गांधी ने कमलनाथ को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटवा दिया वे मात्र छिंदवाड़ा के विधायक रह गये। वे राजनैतिक से कमजोर हो गये। उनके अपने खास दीपक सक्सेना ने कमलनाथ का साथ छोड़ दिया और वे अपने दलबल के साथ भाजपा में शामिल हो गये। उन्हें इन सब बातों का झटका लगा, भाजपा आक्रमक थी और चुनाव में कमलनाथ कमजोर हो गये, कांग्रेस के बहुत से लोग नकुलनाथ को पसन्द नही करते थे,उससे ज्यादा कमलनाथ को उनके कर्मचारियों से झटका मिला, कांग्रेस के लोग उनसे नाराज थे, कमलनाथ उसे समझ नही पाये। कमलनाथ हनुमान भक्त है उन्होने सिमरिया में हनुमान मंदिर बनवाया जो जिले की ऐतिहासिक विरासत है। लोकसभा चुनाव के पहले उन्होने प्रदीप मिश्रा एवं धीरेन्द्र शास्त्री चुनाव की कथा कराई थी और 4.32 करोड रामनाम भी लिखवाये थे।कमलनाथ सह्रदय है पिछले 44 वर्षो में उन्होने जतना के साथ हां ही कहा है नहीं उनके शब्दकोष में नही है। जनता के विकास की उन्होने चिन्ता की है, विकास के लिए उन्होने अपने पावर का उपयोग किया।सभी को बढ़ती उम्र का सामना करना पड़ता है, कमलनाथ भी 78 वर्ष के हो गये वे अपनी विरासत आपने पुत्र नकुलनाथ को देना चाहते है वे कहते है कि अन्तिम सांस तक छिंदवाड़ा के साथ रहूंगा। निश्चित कुछ लोग सामान्य जीवन जीते है किन्तु कमलनाथ के जीवन में जो उतार-चढाव आया है वह सबने देखा है। छिंदवाड़ा के लिए उन्होने जितना किया उतना ही और कोई सांसद कर पाता कमलनाथ की पार्टी बदलने की चर्चाओं को लेकर उन्होंने कहा कि पार्टी नहीं बदलेंगे और अंतिम समय तक छिंदवाड़ा की सेवा करते रहेंगे कमलनाथ के जन्मदिन पर उन्हें बधाई मैं स्वस्थ रहें और शतायु हो ।

**-कमलनाथगोविंद चौरसिया-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नितिन गड़करी जी तो हैं ही बधाई के पात्र

आज देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी के अधिकांश छोटे-बड़े नेता सत्ता के झूले पर प्रसन्न मुद्रा में झूल रहे हैं, वही कुछ वरिष्ठ नेता ऐसे भी है, जिन्हें मौजूदा स्थिति की काफी चिंता हैइन नेताओं में से केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नितिन गड़करी ने तो अपनी वेदना सार्वजनिक रूप से व्यक्त भी कर दी, उनका स्पष्ट कहना था कि भारतीय जनता पार्टी की फसल अब जैसे-जैसे बड़ी होती जा रही है, उसमें कीड़े लगने की भी चिंता बनती जा रही है सत्तारूढ़ दल से जुड़े ऐसे स्पष्टवादी नेता आज बहुत कम है, सत्तारूढ़ दल के कभी अध्यक्ष रह चुके गड़करी जी की गिनती आज भी मुखर राजनेताओं में होती है, उनकी स्पष्ट राय है कि इस फसल पर लगे कीड़ों को नष्ट करने के लिए असरकारक कीटनाशक छिड़कने की बहुत तीव्र आवश्यक्ता है, वर्ना ये कीड़ें पूरी फसल को ही नष्ट कर देगें।'' फसल बचाने के लिए यह त्वरित कदम जरूरी है। यहां यह उल्लेखनीय है कि इन दिनों देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी में दल बदलकर आने वाले दागी नेताओं कार्यकर्ताओं का भीषण दौर जारी है और भाजपा के वरिष्ठ नेता बिना किसी की भी विगत जाने पार्टी में सभी को प्रवेश दे रहे हैइसी व्यवस्था को इंगित करते हुए गड़करी ने यह चेतावनी पूर्ण बयान जारी किया है, उनका स्पष्ट कथन है कि जैसे-जैसे पार्टी का विस्तार हो रहा है, कुछ समस्याएं भी पैदा हो रही है, ऐसे दौर में पार्टी को अपनी स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे।उन्होंने अपने इस कथन को स्पष्टतः उदाहरण के साथ समझाते हुए कहा कि पार्टी को कीटनाशक छिड़कने की जरूरत समझना चाहिए, क्योंकि जब फसल बढ़ती है तो बीमारियां भी बढ़ती हैबीजेपी की फसल बहुत बड़ी हो गई है, जिसमें अच्छे अनाज के साथ कुछ बीमारियां भी गा गई है, इसलिए अब कीटनाशक का उपयोग जरूरी



हो गया है। उन्होंने नए सदस्यों के पार्टी प्रशिक्षण' पर भी जो दिया उनका कहना था कि भाजपा का मुख्य आधार चूंकि पार्टी का कार्यकर्ता ही हैइसलिए इस आधार को मजबूर रखने के लिए उसे ठोस बनाकर रखना बेहद जरूरी है, उनका यह भी कहना था कि पार्टी में प्रवेशकर्ताओं की राजनीतिक विगत जानना भी बेहद जरूरी है और उनकी निष्ठा ओर सियासी चाहत को परखना भी जरूरी है।उन्हें पार्टी में प्रवेश के साथ ही पार्टी का पूरा ज्ञान कराना तथा जरूरी प्रशिक्षण पर भी गड़करी जी ने विशेष जोर दिया।अब भाजपा के वरिष्ठतम नेता नितिन गड़करी जी के ये बयान चाहे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के संदर्भ में आए हो, किंतु मौजूदा राजनीतिक माहौल में इस खरी सीख का हर जगह अपना महत्व हैदेश में भाजपा अपना सदस्यता अभियान चला रही है और सदस्यता की स्पर्द्धा में ऐसे लोगों को भी सदस्यता दी जा रही है, जिनकी राजनीतिक विगत परखी नही गई है, ये अवसरवादी नेता पार्टी में प्रवेश के बाद अपना कौनसा स्वरूप स्पष्ट करेगें. यह भी संदिग्ध ही है, इसी प्रक्रिया पर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष गड़करी जी ने चेतावनी भरी सीख जाहिर की है और प्रतीक स्वरूप कृषि कर्म की विसंगतियों का उदाहरण पेश किया है अब पूर्व अध्यक्ष इस चेतावनी भरे बयान को पार्टी कितनी गंभीरता से लेती है, यह तो भविष्य के गर्भ में है, किंतु यहां यह महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक दलों में अब ऐसी आत्मधाती चेतावनी देने वाले नेता रहे ही कितने गए है?और आज के स्पर्द्धात्मक राजनीतिक दौर में ऐसी चेतावनियों को कितने लोग गंभीरता से स्वीकार करते है?अब वरिष्ठत नेता की इस चेतावनी को कोई किसी भी रूप में ले, किंतु आज के माहौल में ऐसी चेतावनी के लिए गड़करी जी बधाई के पात्र तो है ही?

**-ओमप्रकाश मेहता-**

# प्रकृति के अलग-अलग तेवर कहीं उष्णता,कहीं बाढ़,बिखेरती प्राकृतिक तेवर



**संजीव ठाकुर,**
रायपुर छत्तीसगढ़

भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही है। इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा है। अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल



मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं।

# वायु प्रदूषण की जंग को गंभीरता से लेना होगा

भारत और पाकिस्तान लड़ रहे है, पर एक दूसरे से नहीं बल्कि जहरीली हवाओं से। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्था नासा ने उपग्रह से एक तस्वीर खींची है जिसमें जहरीली धुंध की एक मोटी चादर पूर्वी पाकिस्तान से लेकर पूरे उत्तर भारत पर छाई हुई है। लाहौर तो मोटी जहरीली चादर से इस हद तक ढका हुआ है कि नजर तक नहीं आ रहा है। जनता पीड़ा झेल रही है, सांस लेना मुहाल है और जिंदा रहना मुश्किल होता हुआ है। हवा में जलने की बदबू घुली है, आंखों में चुभन है तो गले में जलन।जनाब शहरयार की गज़ल की इस पंक्ति सीने में जलन आँखों में तूफ़ान सा क्यों है, इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यों है का सन्दर्भ भले भले ही दूसरा हो, मगर आज इससे लाहौर से लेकर दिल्ली तक की स्थिति का सटीक वर्णन हैं। पिछले हफ्ते स्विस संस्था आईक्यूएयर ने लाहौर का प्रदूषण सूचकांक 1,165 बताया था। वहां स्कूल बंद कर दिए गए हैं और रोजीरोटी कमाने के काम रूक से गए हैं।दिल्ली में हालात आज बहुत बिगड़े। शहर छोड़कर नीले गगन और साफ हवा वाली जगह पर चले जाने की जरूरत महसूस हुई। दीपावली के 13 दिन बाद, 13 नवंबर को दिल्ली की सुबह मलिन और धूल-धुंध भरी थी। मुझे सुबह उठते ही अपने लिविंग रूम में पेट्रोल या डीजल के जलने जैसी गंध का अहसास हुआ। एयर प्यूरीफायर्स के मीटर खतरनाक स्तर दर्शाने वाले लाल रंग पर थे। एक्स के जरिए सूचना दी जा रही थी कि दक्षिण दिल्ली के वसंत विहार में एक्यूआई 1696 तक पहुंच गया है। धुएं भरा मटमैला आसमान, थमी हुई हवा, जलने की बदबू, नजर न आने वाली लपटें, खराश भरे गले, बीमारी और जल्दी मौत के मुंह में चले जाने का भय मुझे डिप्रेशन महसूस होने लगा। बुधवार को दिल्ली में आधिकारिक रूप से प्रदूषित मौसम' का आगाज था।वे दिन बीत गए जब दिल्ली की सुबहें



ठंडी और स्फूर्तिदायक होती थीं। दोपहरें सुहानी होती थीं और हवा में पेड़ों से गिरी पत्तियों की गंध होती थी। रक्तिम शामें, अपने साथ सर्दी का अहसास लाती थीं। हम लोधी गार्डन में टहलते थे, सर्दी की धूप में छत पर बैठते थे। मैं पूरे विश्वास से कह सकती हूं कि लाहौर में भी सर्दी का मौसम इतना ही खुशनुमा होता होगा। अब वह सब एक सपना, एक कल्पना लगता है।जो दिल्ली के बाहर जा सकते हैं, वे जा रहे हैं। जिनके सामने कोई चारा नहीं हैं, वे जितने दिन काम करते हैं उससे ज्यादा दिन बीमार होकर घर में कैद रहते हैं। मेरा मानना है कि चूंकि केन्द्र एवं राज्य सरकारें इस मौसमी प्रदूषण का कोई हल निकालने में असफल रही हैं, इसलिए उन्हें एक कानून बनाना चाहिए कि नवंबर से जनवरी तक के तीन महीने वर्क फ्राम होम एवं लर्न फ्राम होम होंगे। यदि आप युद्ध लडना नहीं जानते तो कम से कम आपको अपने लोगों को सुरक्षित शरणस्थल तो मुहैया कराना ही चाहिए।जहां तक भारत और पाकिस्तान के रिश्तों का सवाल है, चूंकि मौसम दोनों देशों के लिए विषाक्त है, इसलिए दोनों देशों के बीच धुंध कूटनीति' प्रारंभ करने की बातें होने लगी हैं। पाकिस्तानी पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज, जो इन हालातों के लिए भारत को दोषी ठहराती हैं भारतीय पंजाब के किसानों द्वारा पराली जलाने के कारण ने कहा है कि जब तक दोनों पंजाब मिलकर कदम नहीं उठाते तब तक इस समस्या से निपटना मुमकिन नहीं है। भारत ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की है । मुझे पता है कि हमारे चीन से रिश्ते भी कुछ हद तक विषाक्त' हैं, लेकिन समस्या की गंभीरता के मद्देनजर हमें इस प्रदूषण ऋतु' से निपटने के बारे में उससे कुछ सबक सीखने चाहिए। बीजिंग, जिसे ज़हरीली हवा का शहर कहा जाता था, की वायु आज पहले से बेहतर है। जहां हम अभी भी आतंकित हैं, वहीं चीन को कामयाबी इसलिए हासिल हुई क्योंकि वहां सरकार से लेकर जनता तक सबने वायु प्रदूषण से मुकाबले में अपनी-अपनी भूमिका पूरी ईमानदारी से निभाई। कोयले का उपयोग कम करके उसके स्थान पर गैस और ग्रीन एनर्जी का इस्तेमाल करने पर बहुत जोर दिया। सरकार ने इलेक्ट्रिक कारों को खरीदना, पेट्रोल कारों की खरीददारी से आसान बना दिया। कोयले से चलने वाले बिजलीघरों को बंद किया गया, विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक गैस चलित परिवहन प्रणाली स्थापित की गई और उसका संचालन शुरू हुआ। पुराने व्यावसायिक वाहनों को सड़कों से हटाने का हुक्म दिया गया, प्रदूषण के अपेक्षाकृत कड़े मानक लागू किए गए और एक बढ़िया मेट्रो सेवा प्रारंभ कर उसके उपयोग को प्रोत्साहित किया गया।लेकिन, हमारे यहां आधी-अधूरी योजनाएं बनाई जाती हैं, गलत नीतियां बनाई जाती हैं और पड़ोसी राज्यों से समन्वय और सहयोग नहीं होता है। जबकि जी भर कर राजनीति की जाती है, जिससे सब कुछ अस्तव्यस्त हो जाता है। नतीजा यह कि यह ऐतिहासिक महानगर धुएं और धुंध में डूबता जा रहा है।मुझे लगता है कि पाकिस्तान चीन से मदद की गुहार करेगा और उससे वायु शुद्ध करने वाले उपकरण प्राप्त करेगा। लेकिन भारत तो विश्व गुरू है। और अगर उसे विश्व गुरु का ख़िताब अपने पास रखना है तो उसे वायु प्रदूषण के खिलाफ चल रही इस जंग को गंभीरता से लेना होगा। इसके पहले कि सब कुछ बर्बाद हो जाए।

**-श्रुति व्यास-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कविता
## गुलामी का दर्द



घटती-घटना
चंद्रकांत खूंटे क्रांति
जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़

मनुजों से बैर रख के,खग-नरेतर को सबने चाहा।
स्वयं गुलाम रह न सके,
पर को वश में करना चाहा।
ग्रीवा में सांकर डाल के,
मनोरंजन का कुकर्म लेख।
उदिग्न संतापी होगा मन,कोसते होगे हर पहर देख।
उद्गम होकर इस सृष्टि में,रोगी बनकर क्यों आया?
गुलामी की बेड़ियाँ पहनें,महल अटारी क्यों भाया?
मंजू रूप गुण का दोष,नीड़ से अयस सलाखों में।
जो स्वतंत्र घूमते-फिरते,
ऊँचे नभ और तरु शाखों में।
निज सपने हो गए अधूरे,भाग्य की नैया डूब गयी।
चंद रुपयों की लालच में,
भविष्य में व्याध घूस गयी।
शुक सारिका श्वान बिडाल
फणी शेर चीत गजराज।
शौक ने सब अधर्म कराया,
नैतिकता से चंपत आज।
गिरते आँसू नही दिखते,
देखते केवल स्व खुशहाली।
श्राप सरिस जो भोग रहे,
प्रमोद से खूब बजते ताली।
नन्हे बच्चे है किसी के,
बना नन्हे बच्चों का खिलौना।
भूल गए निज हर्षों को,
पकड़ा दिए कष्टों का बिछौना।
जिनके पूर्वजों ने झेला है,
वो भी न जाने कैद की पीड़ा।
खुद रहकर देखो कैद में,
जीवन लगेगा नाली का कीड़ा।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# एपीके फाइल भेजकर निजी सुरक्षा में लगाई जा रही सेंध

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

साइबर ठगों द्वारा अब व्हाट्सऐप के जरिए अंजान एपीके फाइल भेजकर निजी सुरक्षा में सेंध लगाई जा रही है और एपीके फाइल डाउनलोड करने के साथ ही मोबाइल हैक कर एक्सेस प्राप्त कर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। डिजिटल अरेस्ट जैसी फर्जी प्रक्रियाओं के जरिए साइबर ठग लोगों को अपने जाल के फंसाकर ठगी की वरदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसी घटनाओं से बचने के लिए सरगुजा एसपी योगेश पटेल ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है।



एसपी ने बताया कि साइबर ठगों द्वारा व्हाट्सऐप पर बैंक या आधार अपडेट, अथवा किसी योजना के नाम पर एपीके फाइल का लिंक भेजा जा रहा है। एपीके फाइल को डाउनलोड करने की लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल फोन हैक हो जाता है, जिससे ठग फोन के कैमरा, माइक्रोफोन, जीपीएस, मैसेज और ओटीपी तक पहुंच जाते हैं। साइबर ठगों द्वारा ऐसे फाइल वाट्सएप पर किसी अज्ञात नंबर अथवा ग्रुप में इन एप को भेजा जा रहा है। ठगों द्वारा भेजी गई एपीके फाइल को डाउनलोड करने पर, वे आपके मोबाइल को हैक कर लेते हैं। इससे ठग मोबाइल का पूरा एक्सेस पा जाते हैं और आपकी निजी जानकारियां जैसे बैंक डिटेल्स, ओटीपी आदि निजी जानकारियां आसानी से प्राप्त कर सकते हैं, सबसे पहले ठग एपीके फाइल लिंक के जरिये आपके व्हाट्सएप को हैक करते हैं। व्हाट्सएप हैक हो जाने पर, आपके द्वारा जुड़े सभी ग्रुप्स में यह फाइल भेजी जाती है, जिससे एक चेन बनती है और ज्यादा से ज्यादा लोगों के फोन को निशाना बनाया जाता है।




### अगर मिले ऐसा लिंक तो बरते सावधानी

एसपी ने लोगों से अपील की है कि यदि आपके व्हाट्सएप या किसी अंजान ग्रुप में बैंक या आधार अपडेट के नाम पर कोई एपीके फाइल आती है, तो उसे भूलकर भी डाउनलोड न करें। ऐसा करने पर साइबर ठग आपकी सारी निजी जानकारी चुरा सकते हैं।

### ये रखें सावधानियां

1. अपने फोन की ऑटोमैटिक डाउनलोड बंद रखें
2. किसी अनजान लिंक को खोलने से बचें
3. अपने व्हाट्सएप को हमेशा टू- स्टेप वेरिफिकेशन पर रखें।
4. यदि गलती से डाउनलोड हो जाए, तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें।

### क्या है डिजिटल अरेस्ट

साइबर ठगों द्वारा डिजिटल माध्यम से किसी व्यक्ति को किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल रहने अथवा पार्सल में गलत सामान होने एवं अन्य भ्रामक जानकारी देकर गिरफ्तार करने का झूठा दावा किया जाता है। डिजिटल अरेस्ट की फर्जी घटनाओं के जरिए ठगों का मकसद लोगों के मन में अचानक डर की स्थिति उत्पन्न करना होता है। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति को यह यकीन दिलाया जाता है कि वह आपराधिक गतिविधियों में शामिल है और आखिरकार पिड़ित से भारी भरकम रकम की मांग कर ली जाती है। साइबर ठगों द्वारा इस पूरी प्रक्रिया को बहुत ही नियोजित तरीके से अपनाया जाता है, जिससे वारदात होने के बाद पीड़ित व्यक्ति कभी अपराध की रिपोर्ट ना कर सके। साइबर ठगों द्वारा इस दौरान पिड़ित को वीडियो कॉल या व्हाट्सअप कॉल कर कुछ खास प्रक्रिया से गुजरने के लिए बाध्य किया जाता है। साइबर ठग विडिओ कॉल के दौरान आस-पास के जगह को पुलिस स्टेशन या किसी अन्य अन्य एजेंसी के जैसा मिलता जुलता बनाकर लोगों के मन में डर पैदा किया जाता है। घटनाओं की पुष्टि के लिए कई तरह की जानकरियां भी मांगी जाती है। ऐसे फर्जी कॉल करने वाले खुद को पुलिस,नॉरकोटिक्स,साइबर सेल, इनकमटैक्स या सीबीआई अधिकारियों की तरह पेश करते हैं। वे बाकायदा किसी ऑफिस से यूनिफॉर्म में कॉल करते हैं। इसके बाद पीड़ित पर अनर्गल आरोप लगा कर कानूनी कार्रवाई करने की धमकी दी जाती है और दावा किया जाता है कि पूछताछ होने के दौरान उसे वीडियो कॉल पर ही रहना होगा और वह किसी और से बातचीत नहीं कर सकता है, जब तक कि प्रक्रिया पूर्ण ना हो जाय, इसी दौरान मामले से बचाने के ऐवज मे पिड़ित से बातचीत कर बड़ी रकम की ठगी कर ली जाती है।

### घटनाओ से बचाव के उपाय

1. अज्ञात नंबर से आए व्हाट्सअप कॉल अथवा विडिओ कॉल को रिसिव ना करें।
2. किसी भी परिस्थिति में डरे नहीं, डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती है।
3. पुलिस या अन्य एजेंसी किसी भी व्यक्ति/आरोपी से व्हाट्सप्प कॉल/विडिओ कॉल के जरिये सम्पर्क कर कार्रवाई नहीं करती।



# जिला बदर के बावजूद शहर में घुम रहा था आरोपी,पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पुलिस ने आरोपी की जुलूस निकाकल ले गई कोर्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

जिला बदर की कार्रवाई के ावजूद युवक बिना वैध अनुमति के हर में घुर रहा था। मुखबिर की ूचना पर पुलिस ने युवक को िरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को मणिपुर थाना से जुलूस की शक्ल में लेकर कोर्ट पहुंची। ताकि आरोपी के बीच पुलिस का खौफ बना रहे और लोग इसस न डरें।

मणिपुर थाना क्षेत्र के बाबूपारा निवासी आदित्य यादव उर्फ लल्ला यादव आदतन बदमाश है। जिला दंडाधिकारी द्वारा 1 वर्ष के लिए सरगुजा जिला सहित अन्य आस पास के 5 जिलों से जिला बदर की गई है। इसके बावजूद भी बिना कोई वैध अनुमति के शहर में रह रहा था। इसकी जानकारी मणिपुर पुलिस को होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 233 एवं छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी को मणिपुर थाना से जुलूस की शक्ल में लेकर कोर्ट पहुंची। ताकि आरोपी के बीच पुलिस का खौफ बना रहे और लोग इससे न डरें।

# कुएं में गिरने से युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।



कुएं में गिरने से अचेत एक व्यक्ति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनसुार रामप्रताप उम्र 40 वर्ष मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बकिरमा का रहने वाला था। वह 17 नवंबर की शाम को घर के पास कुएं में पैर-हाथ धोने गया था। काफी देर बाद जब वह वापस नहीं लौटा तो परिजन उसे देखने पहुंचे। कुएं के पास उसका चप्पल पड़ा था। परिजन ने देखा तो वह कुएं में गिरा था। उसे निकाकलकर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# शादी कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार को पिकअप ने मारी टक्कर,एक की मौत



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

शहर के प्रतापपुर चौक के पास रविवार की रात पिकअप ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हरिमंगलम से शादी में शामिल होकर वापस अपने घर चलगली जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जांच के दौरन चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार अनूप सोनी पिता सुरेश सोनी (37) प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चलगली का रहने वाला था। वह रविवार को अपने ममेरे भाई सुरेश सोनी के साथ बाइक से शादी में शामिल होने अंबिकापुर स्थित हरिमंगलम शादी घर में आया था। यहां रात को शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोनों वापस घर जा रहे थे। शहर के प्रतापपुर चौक के पास पहुंचे ही थे कि पिकअप क्रमांक एमपी 20 जीबी 6250 ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने अनूप को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुरेश सोनी का इलाज चल रहा है।

# 10 डिग्री के नीचे गिरा पारा,जिले में बढ़ी ठंड



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

तापमान 10 डिग्री से नीचे हुंच गया है। रात के साथ-साथ ब दिन में भी लोग कंपकंपा रहे ं। लोग अब दिन में भी गर्म कपड़े हनने को मजबूर हैं। वहीं मैदानी लाकों में तापमान और नीचे पहुंच या है। सरगुजा जिले के मैनपाट बलरामपुर के सामरी पाट का पमान 7-8 डिगी के करीब हुंच गया है।

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट ने बताया कि नवम्बर के मध्य में उत्तर भारत से निर्बाध रूप से आ रही शुष्क उत्तरी-पश्चिमोत्तरी हवाएं अब उत्तरी छत्तीसगढ़ को कंपाने लगी हैं। अम्बिकापुर का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे दर्ज हुआ है। पिछले चार-पांच दिनों से इस अंचल में शुष्क वायु प्रवाह के कारण वायुमंडलीय नमी की कम होती मात्रा के कारण न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हुई है। रविवार का न्यूनतम तापमान 9.7 डिग्री दर्ज किया गया है जो वर्तमान सीजन का अब तक का न्यूनतम है। मौसम वैज्ञानी एएम भट्ट के अनुसार नवम्बर के प्रारम्भिक 18 दिनों के न्यूनतम तापमान के आंकड़ों में 10 वर्ष के अंतराल में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के नीचे पहुंचा है। पिछली बार सन 2014 में 17 नवम्बर को 9.9 और 18 नवम्बर को न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्र दर्ज हुआ था।

### इस तरह तापमान में गिरावट

| तिथि | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 14 नवंबर | 29.6 डिग्री | 12.4 डिग्री |
| 15 नवंबर | 29.2 डिग्री | 10.4 डिग्री |
| 16 नवंबर | 27.9 डिग्री | 10.1 डिग्री |
| 17 नवंबर | 27.5 डिग्री | 10.6 डिग्री |
| 18 नवंबर | 27.8 डिग्री | 09.7 डिग्री |



# छात्रा ने अपने सिनियरों व क्लासमेंट पर लगाया मारपीट व रैगिंग का आरोप

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

होली क्रॉस वूमेन्स कॉलेज की एक छात्रा ने अपने क्लॉसमेट एवं सिनियरों पर मारपीट करने तथा आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि ऐसा उसके साथ दो महिने से भी अधिक समय से हो रहा है। पीड़ित छात्रा ने परिजन के साथ पहुंचकर उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक रिजवान उल्ला से की है।

होली क्रॉस वूमेंस कॉलेज की छात्रा कशफ अंसारी ने आरोप लगाया है कि मेरे साथ कॉलेज के कुछ लड़कियां गाली गलौज करते हैं और धक्का-मुक्की व पैर फंसाकर गिराते हैं। रैगिंग कर मुझे प्रताड़ित करते हैं। इसके अलावा आत्महत्या के लिए प्रेरित करते हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि पिछले शनिवार को कॉलेज के कैंटिंन से बुलाकर ग्राउंड में ले गए और मेरे साथ मारपीट किए हैं। छात्राओं ने घटना का वीडिया भी बनाया है। वह डर से अपने घर वालों को नहीं बता रही थी। रविवार को पीड़िता के क्लासमेंट ने उसके परिजन को दी है। इसके बाद पीड़िता परिजन के साथ पहुंचकर कॉलेज के प्रधानाचार्य व उच्च शिक्षा विभाग के अपर संचालक रिजवान उल्ला से की है।

# बोलेरो में लगाई आग,जांच में जुटी पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।



नमनाकला स्थित मिलनपारा में रविवार की रात घर के बाहर खड़े बोलेरो में आग लगाने का मामला सामने आया है। बोलेरो मालिक ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार सोभरन यादव कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नमनाकला स्थित मिलनपारा का रहने वाला है। वह रविवार की रात को अपना बोलेरो क्रमांक सीजी 04 केएस 9138 को घर के बाहर खड़ा किया था। इस दौरान देर रात को टायर फटने की आवाज आने पर पड़ोस के रहने वाले लोगों ने घर के बाहर निकलकर देखा तो बोलेरो जल रहा था। वह घटना की जानकारी सोभरन यादव को दी। तब तक बोलेरो चल चुका था। सोमवार को वह मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है और मोहल्ल के ही शाहील सिंह पर आग लगाने का आरोप लगाया है। पुलिसस मामले की जांच कर रही है।



# रूसी बैलिस्टिक मिसाइलों ने यूक्रेन में मचाई तबाही,11 लोगों की मौत और 84 लोग घायल,15 इमारतें क्षतिग्रस्त

- उत्तरी यूक्रेन के सुमी शहर पर रूस का बड़ा हमला
- क्लस्टर हथियारों से लैस बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं
- अमेरिका ने दी रूस के भीतर हमले की मंजूरी

कीव,18 नवम्बर 2024। रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला बोला है। क्लस्टर हथियारों से लैस रूसी बैलिस्टिक मिसाइल ने उत्तरी यूक्रेन के सुमी शहर को निशाना बनाया। इस हमले में दो बच्चों समेत 11 लोगों की जान गई है। करीब 84 लोग घायल हैं। क्षेत्रीय अभियोजक कार्यालय के मुताबिक घायलों में शामिल छह बच्चों की हालत बेहद नाजुक है। वहीं जान गंवाने वाले दोनों बच्चों की उम्र नौ और 14 साल है। दो शैक्षणिक संस्थान समेत कुल 15 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। यूक्रेन का सुमी शहर रूस से सिर्फ 40 किमी दूर है।







## रूस के भीतर हमला करेगा यूक्रेन, अमेरिका ने दी मंजूरी

इस बीच बड़ी खबर आ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने यूक्रेन के अधिकारियों की भारी पैरवी पर रूस के अंदर तक हमला करने की मंजूरी दे दी है। अब यूक्रेन रूस के खिलाफ अमेरिका की लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल कर सकेगा। माना जा रहा है कि यूक्रेन इन हथियारों का इस्तेमाल उत्तर कोरिया के सैनिकों के जवाब में कर सकता है। दरअसल, रूस के समर्थन में उत्तर कोरिया ने अपने सैनिकों को यूक्रेन के खिलाफ लड़ने भेजा है।


यह दूसरी बार है जब अमेरिका ने रूस के अंदर तक मार करने वाले हथियारों के इस्तेमाल की अनुमति दी है। इससे पहले मई में यूक्रेन के खारकीव क्षेत्र में रूस ने बढ़त हासिल की थी। इससे जवाब में कम दूरी के हथियार हिमार्स सिस्टम के इस्तेमाल की मंजूरी अमेरिका ने दी थी।

## जेलेंस्की बोले...मिसाइलें सबकुछ बता देंगी

उधर, यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा, आज मीडिया में इस बारे में बहुत कुछ कहा जा रहा है कि हमें संबंधित कार्रवाई के लिए अनुमति मिल गई है। मगर हमले शब्दों से नहीं किए जाते। ऐसी बातें घोषित नहीं की जातीं। मिसाइलें खुद ही सबकुछ बता देंगी। जेलेस्की ने कहा कि रूस ने 120 मिसाइलों और 90 ड्रोन से एक साथ हमला किया। इन ड्रोनों में ईरान में बने शाहेद ड्रोन और बैलेस्टिक और विमान से लॉन्च की जाने वाली मिसाइलें शामिल हैं। यूक्रेन सेना का कहना है कि उसने कुल 144 लक्ष्यों को मार गिराया है।

# प्लीज शर्म करें,प्राइवेट वीडियो लीक होने पर पाकिस्तानी होस्ट ने दिया ऐसा रिएक्शन

नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024। पाकिस्तानी इन्फ्लुएंसरों के प्राइवेट वीडियो इन दिनों तेजी से लीक हो रहे हैं। अब लीक होने वाली इस लिस्ट में पाकिस्तानी टीवी होस्ट मथिरा मोहम्मद का नाम भी जुड़ गया है। इससे पहले टिकटॉकर मिनाहिल मलिक और इम्शा रहमान के MMS लीक को लेकर विवाद हुआ था। अब कथित तौर पर मथिरा को आपत्तिजनक स्थिति में दिखाने वाली कई स्पष्ट क्लिप वायरल हो रही हैं। हालांकि अभी वीडियो वेरिफाइड नहीं है,इसलिए इसकी पुष्टि नहीं की जा सकती।



32 साल की मथिरा ने भी अपने लीक वीडियो पर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज की है। मथिरा ने आरोप लगाया कि लोग उनके नाम से फर्जी तस्वीरें पोस्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा,लोग उनके नाम और फोटोशूट की तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहे हैं और नकली फोटो बना रहे हैं।

### मेरे फोटोशूट की तस्वीरों का किया जा रहा इस्तेमाल

मथिरा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा,लोग मेरे नाम और मेरे फोटोशूट की तस्वीरों का इस्तेमाल कर रहे हैं और इसमें नकली चीजें जोड़ रहे हैं, कृपया शर्म करें! मुझे इस बेकार बकवास से दूर रखें। हालिया घटना ने एक बार फिर डीपफेक वीडियो और डेटा उल्लंघनों पर बहस छेड़ दी है।

इस हफ्ते की शुरुआत में, पाकिस्तान टिकटॉक स्टार इम्शा रहमान का एक निजी वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह अंतरंग स्थिति में नजर आ रही थीं। उन्हें सोशल मीडिया यूजर्स से काफी आलोचना का सामना करना पड़ा, आलोचनाओं में उन पर ध्यान आकर्षित करने के लिए जानबूझकर वीडियो पब्लिक करने का आरोप लगाया था।

### सोशल मीडिया अकाउंट को किया डिएक्टिवेट

इसके तुरंत बाद,रहमान ने नेगिटेव कमेंट्स को भारी बताया और अपने सोशल मीडिया अकाउंट को डिएक्टिवेट कर दिया इससे पहले, एक अन्य पाकिस्तानी सोशल मीडिया हस्ती मिनाहिल मलिक का उसके ब्वॉयफ्रेंड के साथ एक कथित अंतरंग वीडियो ऑनलाइन पोस्ट किया गया था, जिससे उसे भी अपने खाते निष्क्रिय करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# लेबनान में इजरायल का कहर जारी, हवाई हमले में मारा गया हिजबुल्लाह का मीडिया प्रमुख





तेल अविस,18 नवम्बर 2024। हिजबुल्लाह पर इजरायल लगातार हमले कर रहा है। हर रोज इजरायल की सेना हिजबुल्लाह को बड़ा नुकसान पहुंचा रही है। अब लेबनान की राजधानी बेरूत में इजरायली हमले में हिजबुल्लाह के मीडिया संबंध प्रमुख मोहम्मद अफीफ की मौत हो गई।

टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, हिजबुल्लाह ने मोहम्मद अफीफ की मौत की पुष्टि की है। मध्य बेरूत में सीरियाई बाथ पार्टी के मुख्यालय पर आईडीएफ के हमले में अफीफ की मौत हो गई। इजरायल ने अभी तक हिजबुल्लाह के प्रवक्ता की हत्या की पुष्टि नहीं की है।

### कई बार की प्रेस कॉन्फ्रेंस

अल जजीरा के अनुसार, अफीफ ने हिजबुल्लाह के लिए कई प्रेस कॉन्फ्रेंस की है, जिसमें इजरायली बमबारी के बारे में जानकारी दी गई। अफीफ ने सशस्त्र समूह के शीर्ष मीडिया संबंध अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने से पहले कई वर्षों तक हिजबुल्लाह के अल-मनार टेलीविजन स्टेशन का प्रबंधन किया।

अफीफ ने हाल ही में पत्रकारों को दिए गए अपने बयान में कहा था कि हिजबुल्लाह के पास इजरायल के खिलाफ ÷लंबी लड़ाई÷ लड़ने के लिए पर्याप्त हथियार हैं।

# क्या ईरान के अगले सुप्रीम लीडर होंगे मोजतबा? खामेनेई ने अचानक बेटे को क्यों चुना उत्तराधिकारी,सामने आई वजह

नई दिल्ली,18 नवम्बर 2024। इजरायल से ईरान के बढ़ते तनाव के बीच ईरान की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई कोमा में चले गए हैं और गंभीर रूप से बीमार हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने अचानक बेटे को अपना उत्तराधिकारी चुन पूरी दुनिया को चौंका दिया है। खामेनेई ने अपने बेटे मोजतबा को अपनी गद्दी सौंपी है। हालांकि अभी तक ईरान की तरफ से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बता दें कि यह बात ईरान इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में सामने आई है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि अधिकारियों ने पिछले महीने एक सीक्रेट मीटिंग के दौरान खामेनेई के उत्तराधिकारी का चुनाव किया।

### खामेनेई ने मोजतबा अमानी के साथ की बैठक

खामेनेई के एक्स अकाउंट पर एक फोटो पोस्ट की गई है। फोटो में वह लेबनान में ईरान के राजदूत मोजतबा अमानी से उनके कार्यालय में बात करते नजर आ रहे हैं। फारसी में लिखा है,÷इस्लामिक क्रांति के नेता अयातुल्ला खामेनेई ने आज दोपहर में लेबनान में ईरान के इस्लामी गणराज्य के अनुभवी राजदूत मोजतबा अमानी से मुलाकात की और दैनिक बैठकों के मौके पर उनसे बातचीत की।

### कौन है मोजतबा?



मोजतबा खामेनेई ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के दूसरे और छोटे बेटे हैं। वह 1987 से 1988 तक ईरान-इराक युद्ध में भाग ले चुके हैं। मोजतबा का जन्म 1969 में मशहद में हुआ था। उन्होंने ग्रैजुएशन के बाद धर्मशास्त्र का अध्ययन किया। इसके बाद 1999 में मौलवी बनने के लिए कोम में पढ़ाई की। वह अपने पिता की तरह की इस्लामिक मामलों के जानकार हैं।

अमानी उन लगभग 3,000 लोगों में शामिल थे जो सितंबर में लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्लाह समूह की तरफ से इस्तेमाल किए जाने वाले पेजर और वॉकी-टॉकी में विस्फोट से घायल हो गए थे। हमले में कम से कम 39 लोग भी मारे गए, जिसका आरोप ईरान और हिजबुल्लाह ने इजरायल पर लगाया।

### इजरायल को लेकर खामेनेई का बड़ा बयान

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अमानी ने उन्हें अपनी लेटेस्ट स्वास्थ्य स्थिति की रिपोर्ट सौंपी। वहीं बता दें कि पिछले महीने, ईरान की तरफ से इजरायल में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर 180 मिसाइलें लॉन्च करने के बाद अयातुल्ला अली खामेनेई ने पांच साल में अपना पहला उपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि इजरायल ÷लंबे समय तक नहीं टिकेगा÷ क्योंकि उन्होंने 5 अक्टूबर को अपने बयान में इजरायल के खिलाफ फलस्तीनी और लेबनानी आंदोलनों का समर्थन किया था।

तेहरान की एक मस्जिद में हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए, खामेनेई ने इजरायल पर अपने मिसाइल हमलों को सार्वजनिक सेवा के रूप में उचित ठहराया। बोलते समय बंदूक थामे हुए, ईरान नेता ने घोषणा की कि इजराइल हमास या हिजबुल्लाह के खिलाफ जीत नहीं पाएगा।

# विधायक राजेश अग्रवाल ने लहपटरा और निमहा धान उपार्जन केंद्र में धानखरीदी का किया शुभारंभ



- संवाददाता -
लखनपुर,18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के लखनपुर विकासखंड के ग्राम लहपटरा और निमहा धान उपार्जन केंद्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में तौल मशीन की पूजा अर्चना कर धान खरीदी का शुभारंभ किया। वहीं धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए किसानों को विधायक राजेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने फूल माला पहनकर उनका स्वागत करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही विधायक राजेश अग्रवाल ने उपार्जन केंद्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान उपार्जन केंद्र में धान बिक्री करने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, राजेंद्र जायसवाल, सत्यनारायण साहू, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपार्जन केंद्र प्रभारी सहित किसान मौजूद रहे।



# प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ कार्यक्रम

- संवाददाता -
लखनपुर,18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

भारत सरकार के द्वारा चलाऐ जा रहे आवास योजना शहरी 2.0 का शुभारंभ आज दिनांक 18/11/2024 दिन सोमवार को अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के द्वारा आनलाईन पंजीयन कर किया गया। जिसमें हितग्राहियों का रैपीड असेसमेंट सर्वेक्षण करते हुऐ माननीय विधायक महोदय के द्वारा पंजीकरण किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सावित्री दिनेश साहु,नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे ,पार्षद अमित बारी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विधासागर चौधरी,उप - अभियंता प्रदीप कुमार एक्का, सी.एल. टी.सी. नीरज चन्द्राकर,लेखापाल राहुल सिंह, सर्वेयर विवेक यादव, हर्षित यादव एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही उपस्थित थे।

# गुरू घासीदास-तैमार पिंगला टाइगर रिजर्व के रूप में किया गया अधिसूचित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

गुरू घासीदास-तैमार पिंगला टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित किया है। गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान नेशनल पार्क एवं तैमोर पिंगला अभ्यारण को मिलाकर बनाने का निर्णय लिया गया है। यह देश का तीसरा सबसे बड़ा टाईगर रिजर्व है। यह नया बाघ अभ्यारण 2829.387 वर्ग किलोमीटर का है। इसकी सीमाएं कोरिया, एमसीबी, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले तक फैली है।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं तैमोर पिंगला को मिलाकर वर्ष 2021 में टाइगर रिजर्व बनाया गया था, लेकिन इसे विरोध के कारण अस्तित्व में नहीं लाया जा सका था। इस क्षेत्र में कई खदानें होने कारण नेशनल पार्क व अभ्यारण को टाइगर रिजर्व घोषित करने का नोटिफिकेशन कांग्रेस शासन काल में रुका हुआ था।

वर्ष 2012 में गुरु घासीदास नेशनल पार्क को टाईगर रिजर्व बनाने की कोशिश की गई थी, लेकिन विरोध के कारण नहीं हो पाया था। 2021 में राज्य सरकार के प्रस्ताव को केंद्र की हरी झंडी मिली। राज्य को नोटिफिकेशन जारी करना था। मगर, कांग्रेस सरकार ने रोक लगा दी। तर्क था- इस पूरे क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण खनिज खदानें हैं। टाइगर रिजर्व बनने से इन्हें बंद करना पड़ेगा। राज्य को गंभीर आर्थिक नुकसान होगा। गुरू घासीदास-तैमारे पिंगला बाघ अभ्यारण देश का तीसरा बड़ा बाघ अभ्यारण बन गया है। आंध्रप्रदेश का नागार्जुनसागर श्रीसैलम टाइगर रिजर्व 3296.31 वर्ग किमी के साथ देश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है। असम का मानस टाइगर रिजर्व 2837.1 वर्ग किमी क्षेत्रफल के साथ दूसरा बड़ा टाइगर रिजर्व है।

# पैच रिपेयरिंग किए बिना ही मुख्य सड़क का किया जा रहा डामरीकरण

## सड़क पैच एवं रिनिवल रिपेयरिंग का कार्य शासन के मापदंडों के अनुसार नहीं, रिनिवल के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

ठेकेदार को विभागीय अधिकारियों का है पूरा संरक्षण प्राप्त जो पैच एवं रिनिवल के पश्चात डामरीकरण निर्माण कार्य किया गया है वो मापदंडों और नियम के अनुसार नहीं किया गया है क्या विभाग इसकी जांच निष्पक्ष करेगा ? मुख्यालय से गुजरने वाली चिरमिरी रायपुर बिलासपुर कोरबा मुख्य राज्य मार्ग के पैच एवं रिनिवल डामरीकरण रिपेयरिंग का कार्य का ठेका मिला है ये जानकारी सूत्रों से मिली है।

जबकि लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस मार्ग का टेंडर जारी कर काम सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है लोक निर्माण विभाग मनेंद्रगढ़ ने चिरमिरी बिलासपुर कोरबा सड़क पैच रिपेयरिंग कर डामरीकरण करने का ठेका ठेकेदार के द्वारा लिया गया है जिसके द्वारा बोडेमूडा रतनपुर में सड़क पैच रिपेयरिंग एवं डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है सड़क पैच रिपेयरिंग जिन मापदंडों के अनुसार किया जाना है वह ना करते हुए ठेकेदार मनमाने तरीके से सड़क के बिना पैच के गड्ढों को कटिंग कर उस टूटी सड़क में सड़क निर्माण सामग्री को डालकर रोलर से रोलिंग कर के बाद इसलशन डालकर सड़क के पैच रिपेयरिंग एवं डामरीकरण का निर्माण कार्य करना है जो नहीं किया जा रहा है और किसी प्रकार की कोई निर्माण सामग्री का इस्तेमाल नहीं किया गया है और सड़क पैच रिपेयरिंग किया जा रहा है जो इमलशन में सिर्फ पानी मिलकर सड़क में पैच रिपेयरिंग एवं डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है सड़क निर्माण बिना सफाई के कराया जा रहा है ग्रामीणों ने सड़क पैच रिपेयरिंग एवं डामरीकरण



के गुणवत्ता विहीन और घटिया निर्माण करने का आरोप लगाया है। जिले के खड़गवां विकासखंड के मुख्य मार्ग से छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधि अधिकारी मंत्री सांसद सभी का इस मुख्य सड़क से आना-जाना लगा रहता है उसके बाद भी घटिया और गुणवत्ता विहीन सड़क पैच रिपेयरिंग एवं डामरीकरण निर्माण कार्य कराया जा रहा है वहीं विभागीय अधिकारी इस तरफ ध्यान देना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं जिससे ग्रामीणों में निर्माण को लेकर जन आक्रोश भी पनप रहा है राजधानी को जोड़ने वाली सड़क में गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य का होना एवं पैच रिपेयरिंग एवं डामरीकरण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया जाना लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के द्वारा ठेकेदार को खुला संरक्षण देखकर घटिया और गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य को कराया जा रहा है? इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के कार्य पालन अधिकारी से जानकारी चाहने कि कोशिश कि तो उन्होंने ने फोन रिसिव नही किया गया।

# धान खरीदी महापर्व:किसानों की मेहनत को मिल रहा समर्थन मूल्य का सम्मान

## 22 नवंबर तक के लिए जारी हो चुके है 618 टोकन,धान उपार्जन केंद्रों में 3532.60 मीट्रिक टन धान खरीदी की संभावना

-संवाददाता-
सूरजपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

जिले में इस बार समर्थन मूल्य में धान खरीदी महापर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप किसानों की मेहनत का फल अब उनके हाथों तक पहुंचने लगा है। जिले में 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। किसानों के चेहरों पर रौनक और उनके दिलों में संतोष साफ झलक रहा है।



कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए धान खरीदी केंद्रों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिले में धान खरीदी के पहले दिन ही किसानों ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर अपने धान को तौलकर समर्थन मूल्य में विक्रय किया। शासन के मंशानुरूप किसानों को पहले से ही टोकन जारी कर दिए गए, जिससे किसान आसानी से अपना धान का विक्रय कर सके। पहले दिन के लिए 11 धान उपार्जन केंद्र में कृषक बंधुओं के लिए 28 टोकन जारी हुए थे। जिसमें 26 ऑनलाइन व 02 ऑफलाइन मोड से जारी हुए थे। प्रथम दिवस 14 नवंबर के दिन इन टोकनों के माध्यम से 03 धान उपार्जन केंद्र द्वारा 40.72 क्विंटल धान खरीदा गया। खाद्य अधिकारी श्री संदीप भगत द्वारा प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 22 नवंबर तक के लिए 618 टोकन कृषक बंधुओं के लिए जारी किये जा चुके हैं। जिसके विरूद्ध धान उपार्जन केंद्रो में 3532.60 मीट्रिक टन धान खरीदे जाने की संभावना है। इस बार प्रदेश सरकार द्वारा 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है, जो किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा बनेगा। जिला प्रशासन ने धान खरीदी केंद्रों पर सुचारू और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि खरीदी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

जिले के 54 केंद्रों को किसानों की सुविधा के अनुसार पूरी तरह तैयार किया गया है। हर केंद्र पर ऑनलाइन खरीदी के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र और बायोमैट्रिक उपकरण लगाए गए हैं। इन उपकरणों के संचालन के लिए कंप्यूटर ऑपरेटरों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। केंद्रों पर छाया, पेयजल, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को धान बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। किसानों के लिए केंद्रों पर बैनर और पोस्टर के माध्यम से समर्थन मूल्य की जानकारी दी गई है। खरीदे गए धान के भंडारण के लिए डनेज और तारपोलिन की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा और भंडारण व्यय के लिए समितियों को अग्रिम राशि प्रदान की गई है। केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है, जिससे केंद्रों पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त, अवैध धान की बिक्री को रोकने के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों को भी सक्रिय रखा गया है, जो सीमा क्षेत्रों पर निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन ने प्रत्येक केंद्र पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है, जो किसानों की समस्याओं को सुनने और हल करने का कार्य करेंगे। ये अधिकारी धान खरीदी प्रक्रिया के दौरान केंद्रों की समस्त व्यवस्थाओं की देखरेख करेंगे और किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत निराकरण करेंगे।

# अधिवक्ता विक्रमादित्य गुप्ता बने कलवार समाज के प्रदेश सचिव





-संवाददाता-
प्रतापपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ कलवार समाज के संविधान में प्रदत शक्यिों का प्रयोग करते हुए विजय कुमार गुप्ता प्रान्ताध्यक्ष छत्तीसगढ़ कलवार समाज, ने सुनील कुमार गुप्ता अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पश्चात् उनके सुपुत्र विक्रमादित्य गुप्ता (अधिवक्ता) निवासी प्रतापपुर को छत्तीसगढ़ कलवार समाज का प्रान्तीय सचिव नियुक्त किया है प्रान्तीय अधयक्ष ने अधिवक्ता विक्रमादित्य गुप्ता को सूरजपुर जिला एवं वाड्रफनगर तहसील में संगठन का विस्तार करने हेतु अधिकृत कीया है प्रांतीय सचिव बनने पर विक्रमादित्य गुप्ता ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय सुनील कुमार गुप्ता समाज के कार्यों में हमेशा रुचि लेकर समाजिक कार्य करते हुए समाज को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा पहली पंक्ति के खड़े रहते थे उन्हीं के पद चोन पर चलते हुए प्रांतीय अध्यक्ष ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं भली-भांति निभाऊंगा अपने समाज के साथ सभी समाज को लेकर एक अच्छे समाज का निर्माण करने में अहम योगदान निभाऊंगा गरीबों की सेवा मेरी पहली प्राथमिकता होगी भले मेरे पिता मेरे साथ नहीं है लेकिन उनकी याद को हमेशा स्मरण कर कार्य करूंगा सामाजिक क्षेत्र के कार्यों के लिए हमेशा पहली पंक्ति पर खड़ा रहूंगा छत्तीसगढ़ कलवार समाज की बेहतरीन के लिए कार्यकर्ता रहूंगा।

# खदान क्षेत्र में मुआवजा वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर सीबीआई ने मारा छापा

-संवाददाता-
कोरबा, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के दीपका क्षेत्र में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दो स्थानीय निवासियों के घरों पर मारा छापा। बताया जा रहा हैं की यह कार्यवाही एसईसीएल प्रभावित खदान क्षेत्र में मुआवजा वितरण में गड़बड़ी की शिकायतों के आरोप पर की गई है। जानकारी के अनुसार कोरबा हरदी बाजार के रहने वाले श्यामू (खुशाल) जायसवाल इंटक जिला अध्यक्ष हैं। उक्त नेता के ठिकानों पर 18 नवंबर की सुबह करीब 6 बजे सीबीआई की टीम ने दबिश दी। जहां टीम दस?तावेजों की जांच कर रही है। इधर दूसरी जगह दीपका में कटघोरा रोड के रहने वाले



व?यापारी राजेश जायसवाल के घर व ऑफिस में भी छापा मारा है। जहां भी सुबह से ही टीम दस?तावेजों की जांच कर रही है। एसईसीएल के मुआवजा वितरण में हेराफेरी की गई है। यह आरोप लगने के बाद शिकायत पर सीबीआई ने दबिश दी है। नेता और व?यापारी पर आरोप है कि गलत तरीके से मुआवजा लिया गया है। इतना ही नहीं यह रकम दूसरों को भी दिलाई है। इस दौरान दोनों के घर के बाहर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इस मामले में सीबीआई ने कोई अधिकारिक बयान नहीं दिया है। जानकारी मिल रही है कि एसईसीएल खदान क्षेत्र से कई लोग प्रभावित हुए हैं। इन प्रभावितों को मुआवजा वितरण किया गया। इस मुआवजा वितरण में कई गड़बड़ी की शिकायतें की गई हैं। इन्हीं आरोपों के बीच बड़ा आरोप है कि प्रभावित परिवारों को सही तरीके से मुआवजा राशि नहीं दी गई है। आरोप यह भी है कि पात्रों को छोड़ कुछ अपात्रों को भी अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाया गया है। फिलहाल सीबीआई के अधिकारियों ने इस मामले में कोई अधिकारिक बयान अब तक नहीं दिया है।

# एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर की मुहिम...विश्वसनीयता बढ़ाने का प्रयास,लोगों से दूरी घटाने के लिए विजुअल पुलिसिंग शुरू





-संवाददाता-
सूरजपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

जिले में अब पुलिस को विजुअल बनाने के लिए विजुअल पेट्रोलिंग की जा रही है, जिसके माध्यम से पुलिस अब लोगों को दिख रही है। अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए अब पुलिस ने विजुअल पेट्रोलिंग शुरू की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने जिले में पुलिस को विजुअल बनाने तथा लोगों का पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए विजुअल पेट्रोलिंग करने आदेश दिया है, जिसके परिपालन में जिले के थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग कर जनता के बीच जाकर समस्या को सुन और समझाकर निराकरण के उपाय कर रही है।

विजुअल पेट्रोलिंग को और पुख्ता करने के लिए सीएसपी और एसडीओपी को भी नियमित रूप से विजुअल पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए है। एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि विजुअल पुलिसिंग करने का मकसद अपराधों पर नियंत्रण असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई तथा जनता को पुलिस की मौजूदगी का एहसास दिलाना। साथ ही असामाजिक तत्वों पर पुलिस का भय उत्पन्न करना है। मुख्य-मुख्य स्थानों पर दिख रही पुलिस। विजुअल पुलिसिंग के अंतर्गत जिले के थानों के थाना प्रभारी अपने समयानुसार अपने अपने क्षेत्रों में विजुअल पेट्रोलिंग कर रहे है। इस दौरान पुलिस की टीम अपने अपने थाना क्षेत्रों के मुख्य-मुख्य स्थानों में कम से कम 10 से 15 मिनट तक खड़े होकर लोगों से भी मिलकर चर्चा कर रही है। पुलिस के ऐसा करने से अब लोगों में पुलिस के प्रति भी विश्वास बढ़ रहा है साथ ही पुलिस का सूचना तंत्र भी मजबूत हो रहा है। होटल लॉज ढाबों की हो रही चेकिंग। जिले के सभी थाना के प्रभारी शहर में जिस समय में ज्यादा भीड़ भाड़ होती है। उस समय में विजुअल पेट्रोलिंग कर रही है। वहीं इस पेट्रोलिंग के साथ साथ पुलिस की टीम होटल ढाबों, लॉज की चेकिंग करने के साथ शहर में स्थित जेवर दुकानों पर भी अपनी नजर रख रही है। साथ ही पुलिस की टीम शहर के मुख्य मार्गों सहित सकरी गली में भी पंहुच कर विजुअल पेट्रोलिंग कर रही है ताकि लोगों के सामने पुलिस दिखाई देती रहे।

# विकास खंड शिक्षा अधिकारी की लापरवाही से बेलगाम हुए शिक्षक

## ग्राम धनरास के स्कूल में शिक्षक रहते हैं नदारद...सरकार की शिक्षा निति धरातल पर कागजों में सिमित है ?

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

विकास खंड खड़गवां क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनरास के शासकीय प्राथमिक पाठशाला में शिक्षक की लापरवाही के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का कहना है कि यहां शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण पढ़ाई व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है, शिक्षकों के लगातार अनुपस्थित एवं लाचार शिक्षण व्यवस्था पर शिक्षा विभाग पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। ग्राम धनरास के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेश कुमार सहित ग्रामीणों ने जब स्कूल शिक्षा की लचर व्यवस्था की शिकायत समस्या निवारण शिविर पोड़ी और जिला शिक्षा अधिकारी एवं विधायक को लिखित में कि



गई जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं कि गई शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और ग्रामीणों ने पदस्थ शिक्षक ओमप्रकाश सिंह जो की दिनांक 3/10/2023 से लगातार स्कूल में अनुपस्थित है इसके संबंध में कई बार शिक्षा विभाग में शिकायत किया गया लेकिन आज दिनांक तक इस शिक्षक के प्रति कोई कार्यवाही नहीं हुई शिक्षक के अनुपस्थित रहने से स्कूल में बच्चों कि पढ़ाई बाधित हो रही है ग्रामीणों ने शिक्षक ओमप्रकाश सिंह को प्राथमिक पाठशाला धनरास से हटाने की मांग कि है जिससे बच्चों का भविष्य संवर सके। प्राथमिक पाठशाला धनरास में शिक्षण व्यवस्था हेतु शिक्षक उपस्थित नहीं रहने से छात्र-छात्राओ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । विकासखंड क्षेत्र में शिक्षा के प्रति आए दिन लापरवाही देखने को मिल रही है अंचल के विभिन्न संकुलो के स्कूलों के शिक्षा व्यवस्था चरमराई हुई।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम इंजमामुल हक, पिता श्री मेहंदी हसन अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम इंजमामुल हक अंसारी,पिता-श्री मेहंदी हसन , निवासी वार्ड क्रमांक-05,हाऊस नं.-110, गांधी चौक के सामने उदारी सरगुजा(छ0ग0) रख लिया हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय,अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम इंजमामुल हक अंसारी पिता-श्री मेहंदी हसन से जाना एवं पहचाना जाए।

शपथकर्ता
इंजमामुल हक अंसारी,
निवासी वार्ड क्रमांक-05, हाऊस नं.-110, गांधी चौक के सामने
उदारी,सरगुजा(छ0ग0)

CMYK

# चौड़ी सड़के हो चली गलियों में तब्दील,अतिक्रमण की चपेट में जिला मुख्यालय

## अधिकारियों के आदेश ठंडे बस्ते में...जिले में अतिक्रमणकारियों की बाढ़,आवागमन में हो रही भीषण समस्या,लोगों को प्रशासनिक भय बिल्कुल नहीं

-बागी कलम-
अनूपपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

जिले में अतिक्रमणकारियों की बाढ़ सी आ गई है जिससे जिला मुख्यालय होने के बावजूद अनूपपुर अपनी अव्यवस्थाओं के कारण आज भी जिला सा नजर नहीं आता। नगर पालिका का अमला, राजस्व अमला एवं यातायात विभाग सभी मौन धारण किए हुए हैं जिससे अतिक्रमणकारियों को किसी तरह की कोई चिंता नहीं। वह तो प्रतिस्पर्धा में अपनी-अपनी दुकाने सड़कों के दोनों तरफ आगे बढ़ा-बढ़ा कर लगा रहे हैं। वहीं शहर में पार्किंग की सुविधा नहीं होने से सभी दुकानों के सामने वाहनों का जखीरा लगा रहता है। यही नहीं अधिकांश बैंकों के सामने भी पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है जिससे बैंकों के सामने भी भारी संख्या में वाहन सड़को पर मनमाने तरीके से खड़े कर दिए जाते हैं। आवारा घूमते पशु, सड़कों पर बैठे पशु आवागमन में बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न करते हैं। ये सभी कारण कि बाहर से आने- जाने वालों की नजर में अनूपपुर आज भी पूर्णतया अव्यवस्थित है।



### लोगों को प्रशासनिक भय बिल्कुल नहीं

जिला में योग्य युवा कलेक्टर होने के बावजूद भी लोगों को प्रशासनिक भय बिल्कुल नहीं है। पूरा नगर पालिका क्षेत्र अतिक्रमण की चपेट में आ चुका है। सड़कों पर जगह-जगह सब्जी मंडी लग रही हैं जबकि फुटकर एवं थोक सब्जी मंडी के लिए अलग- अलग स्थान निर्धारित है। उसके बावजूद भी प्रशासनिक कमजोरी के चलते लोग जगह जगह सड़क पर ही सब्जी की दुकानें लगाकर बेचते नजर आते हैं। वहीं जबकि प्रदेश के कई शहरों में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान आज भी जारी है। जिला कलेक्टर से अपेक्षा है कि पूरे जिले में अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश जारी करें, जिससे शहर अतिक्रमण से मुक्त हो सके।



### अधिकारियों के आदेश पड़े ठंडे बस्ते में

जबकि पूर्व में कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक में सब्जी की दुकान निर्धारित स्थान में लगाने के निर्देश हुए थे लेकिन आज तक उस पर अमल नहीं हो सका। नगर पालिका क्षेत्र में चारों तरफ सब्जी की दुकान सड़कों पर लगी मिल जाएगी। संबंधित विभाग का अभियान नहीं चलने से अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंदी के शिखर पर हैं। पूर्व में नगर पालिका अधिकारी ज्योति सिंह, स्नेहा मिश्रा एवं प्रभारी सीएमओ सुषमा मिश्रा ने अभियान चलाकर शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका का निर्वहन किया था। जिसके चलते शहर की फिजा ही बदल गई थी लोगों को अनूपपुर शहर, शहर सा दिखाई पड़ने लगा था।

### अतिक्रमण से पुनः पट गया पूरा शहर

ज्ञातव्य हो कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनूपपुर ज्योति सिंह 10 दिन की बच्ची को लेकर दवा खा-खाकर बिना किसी मातृत्व अवकाश के पूरे शहर का ऐतिहासिक अतिक्रमण हटवाकर अपने फर्ज को निभाया था। उन्होंने पूरी तरह से राजनीति को तिलांजलि देते हुए बिना किसी भेदभाव के सभी के अतिक्रमण को नियमों के अनुसार हटाकर नगर के अंदर अपनी एक अलग साख बनाई थी। उनके जाने के बाद भी दो मुख्य नगर पालिका अधिकारी स्नेहा मिश्रा एवं प्रभारी सीएमओ सुषमा मिश्रा ने भी अतिक्रमण कारियों पर ऐतिहासिक कार्यवाही कर शहर को अतिक्रमण से मुक्त कराने में अहम भूमिका का निर्वहन किया था। लेकिन उन सबके जाने के बाद फिर से शहर अतिक्रमणकारियों से पट गया,अब कोई देखने-सुनने वाला नहीं।

# प्रेमनगर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर सम्पन्न

-संवाददाता-
सूरजपुर/ प्रेमनगर 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। प्रेमनगर बालक उ. मा. विद्यालय में संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर द्वारा संचालित इकाई है। जिनका सात दिवसीय विशेष शिविर प्रेमनगर के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर में 11 नवम्बर से 17 नवम्बर तक आयोजित था। इसके समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रामबिलास साहू विकास खंड शिक्षा अधिकारी प्रेमनगर, अध्यक्षता सरपंच ज्योत सिंग, विशिष्ट अतिथि बीपीओ रमेश कुमार जायसवाल, रामनारायण यादव महामंत्री बीजेपी मंडल प्रेमनगर, शिवनंदन सिंह सरपंच प्रतिनिधि व जिला महामंत्री, पुष्पेंद्र सिंह सरपंच संघ अध्यक्ष, अशोक देवांगन ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष, विवेक पाण्डेय, प्राचार्य धनदेव सिंह, व्याख्याता कृष्ण कुमार ध्रुव, दयाल सिन्हा रहे।

बता दें कि विद्यालय में छात्रों के लिए शिक्षा जितना जरूरी है उतना ही उनके सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा एनएसएस है जिसमें छात्र जुड़कर देश सेवा कर सकता है। इसी कड़ी में बा. उ. मा. विद्यालय प्रेमनगर ने एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर में आयोजित किया गया था जहां एनएसएस के छात्रों से घर से दूर रहकर अभाव में सात





दिवसीय शिविर में जीवन से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जीवन शैलियों को सीखा। राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर समाज के बीच रहकर समस्याओं को जानने और उनको कुछ करने की प्रेरणा देता है। शिविर में प्राप्त अनुभवों तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में प्रयोग में लाएं। तभी राष्ट्रीय सेवा योजना की सार्थकता सिद्ध होगी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का राष्ट्रनिर्माण में अहम योगदानः-रामबिलास साहू

एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर लक्ष्मणपुर में आयोजित कार्यक्रम के समापन में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित प्रेमनगर बीईओ रामबिलास साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। उन्होंने स्वयंसेवियों से आह्वान किया कि वह शिविर के दौरान सीखी गई जीवनोपयोगी बातों को यथार्थ जीवन में उतार कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। आगे श्री साहू ने कहा एनएसएस का उद्देश्य सामाजिक सेवा है, यह ऐसी संस्था है जिसमें लोगों की सहायताएं देखने को मिलती है। एनएसएस के स्वयंसेवी ने ग्राम पंचायत में स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक किये, इनसे लोग स्वच्छता से जुड़ेंगे व देश को स्वच्छ बनाएंगे। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में 50 स्वयंसेवी ने भाग लेकर ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर के देवालय की साफ सफाई, कोलपहरी के आसपास की सफाई व जागरूकता अभियान चलाया गया, नाला की साफ सफाई किया गया, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल के आसपास की सफाई, बलीपारा की साफ सफाई, बौद्धिक चर्चा में एग्रीकल्चर विभाग के अतिथि के द्वारा बच्चों को अनेक जानकारी दी, स्वास्थ्य से संबंधित शिविर लगाकर स्वयंसेवी को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर सरपंच ज्योत सिंह ने कहा एनएसएस के स्वयंसेवी ने ग्राम पंचायत में आकर सार्वजनिक चौक चौराहों की साफ सफाई करके लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। निश्चित ही स्वयंसेवी के सराहनीय कार्यों से ग्रामवासी प्रोत्साहित हुए हैं और आगे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहेंगे। रामनारायण यादव महामंत्री ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना मतलब राष्ट्र की संपत्ति की सेवा करना है। राष्ट्र के विकास के लिए जो बाधक है उसे दूर करना। शिवनंदन सिंह ने स्वयंसेवियों से कहा आप घर जाकर समाज को समझाएंगे की स्वच्छता स्वस्थ समाज के लिए कितनी जरूरत है। हम शिक्षा ग्रहण करेंगे तब हम अपना विकास करेंगे। शिविर में शामिल सभी स्वयंसेवियों को मुख्य अतिथि के हाथों सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान की गई। सरपंच जोत सिंह ने सभी स्वयंसेवियों को उनके उत्कृष्ठ कार्य के लिए पुरुस्कार प्रदान किया। इस दौरान बालक उ. मा. विद्यालय प्राचार्य विपिन कुमार पाण्डेय, एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी पूरन सिंह, उपसरपंच प्रतिनिधि बिहारीलाल, जयकरण, संजय कुमार यादव पूर्व एसएमडीसी अध्यक्ष, पंच शांति राउत, रुकमणी यादव, सुंदर सिंह, फुलसाय, पुष्पराज पाण्डेय सीएसी, व्याख्याता ज्योति साव, रमेश साहू, विनोद रावत, खेमचंद जायसवाल, सुश्री बिंदिया साहू, कन्नौजे सर, नर्मदा चौहान, एनएसएस के स्वयंसेवी सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

# खलिहान में लगी आग से दो किसानों को हुआ बड़ा नुकसान,भारी आर्थिक स्थिति का अनुमान

-संवाददाता-
सूरजपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

सोमवार को दो किसान के खलिहान में राखे धान के ढेर में अचानक आग लग गई। जिसमें इस किसान को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पचिरा व रामानुज नगर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पत्रापाली , खेत में फसल (धान) को मिसाई के लिए खेत में रखा था, जिसमें अचानक आग लगने से धन जलकर राख हो गया। आगजनी की जानकारी फायर विकेट टीम को जैसे ही मिली तत्काल फायर टर्न आउट , आगजनी घटना स्थल के लिए रवाना किया गया ,घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया पा लिया गया किसी प्रकार का कोई हताहत नही हुआ पत्रपाली में आग लगने से किसान को भारी नुकसान का आकलन किया जा रहा है मिली जानकारी के अनुसार पचीरा में थ्रेसर मैं भी सर्किट लगने से चपेट में आ गया था जो आधा जल गया है आग बुझाने में फायर विकेट टीम के मुकेश शर्मा, संतोष शर्मा,बिजेंद्र, कवल, शिवप्रसाद, उज्जैन सिंह, सुखल, विजय,रविशंकर सक्रिय रहे।



# पुलिस का बड़ा एक्शन,पूर्व में कबाड़ का धंधा करने वालो को दो टूक, कबाड़ का धंधा करें बंद अन्यथा होगी कड़ी कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने जिले का कार्यभार संभालने के बाद से ही मजबूत एवं विश्वसनीय पुलिसिंग की मुहिम प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम अवैध कारोबार को सख्ती से बंद कराने मातहतों को कड़े निर्देश दिए और उसे सुनिश्चित कराने की दिशा में गंभीरतापूर्वक निगरानी में लगे हुए है। बीते दिवस जिले की पुलिस का एक बड़ा एक्शन देखा गया जिसमें थाना-चौकी की पुलिस कबाड़ियों के यहां दबिश लेने में लगी रही। दिनभर अभियान चलाकर कबाड़ियों के घरों और गोदामों में जाकर देखा कि कबाड़ी फिर से तो अपना काम प्रारंभ तो नहीं कर दिए है, वर्तमान में किस प्रकार के काम कर रहे है। पुलिस ने पहले कबाड़ का व्यवसाय करने वालों को सख्त हिदायत दी है कि कबाड़ का धंधा बंद कर दे वरना कड़ी कार्यवाही की जायेगी। जीवन निर्वाह के लिए कबाड़ का धंधा के अलावा कोई अन्य व्यवसाय कर ले। पहले ही एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने थाना प्रभारियों को कड़े स्वर में अवैध कार्यों पर शत प्रतिशत लगाम लगाने की हिदायत दी थी और सख्त लहजे में कहा था कि अवैध कार्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। एसएसपी की पदस्थापना के बाद से ही पुलिस सक्रिय दिखाई पड़ रही है और लगातार बेहतर पुलिसिंग करने में लगी हुई है।



# पुलिस चौकी फुनगा द्वारा किया गया 02 आरोपियों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध

-बागी कलम-
अनूपपुर, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक अनुपपुर मोतीउर रहमान के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के विरूद्ध आपरेशन प्रहार के अंतर्गत अवैध नशे पर नियंत्रण हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 17-18 नवम्बर की रात्रि में पुलिस चौकी फुनगा द्वारा मुखबिर की सूचना पर मझगवाँ रोड तिराहा पर आरोपी संतोष कुमार गुप्ता पिता संपत गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बनगवाँ चौकी फुनगा जिला अनूपपुर को रेड कार्यवाही कर 650 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 7000 रूपये को जप्त कर अपराध क्रमांक 389/24 धारा 8/20 बी एन.डी.पी. एस. एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उक्त मादक पदार्थ की बरामदगी के बाद खरीदी का पता करते हुए पूछताछ पर आरोपी संतोष द्वारा इसे आरोपी रामू उर्फ रामप्रकाश पटेल पिता भगवानदास पटेल निवासी ग्राम मझौली थाना बुढ़ार जिला शहडोल से खरीद कर लाया जाना बताया गया जिससे उक्त व्यक्ति के विरुद्ध भी मामला पंजीकृत किया जाकर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक सुमित कौशिक, सहा.उप. कोमल अर्जेरिया, प्र.आर. सूर्यभान सिंह, आर. राकेश कनासे, वीरसिंह, सैनिक रामकमल तिवारी की भूमिका रही है ।



# अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने एवं बिक्री करने वाले पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-
कोरबा, 18 नवंबर 2024
(घटती-घटना)।

जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अति0 पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का के मार्गदर्शन पर लगातार जुआ, सट्टा, आबकारी एवं नारकोटिक्स एक्ट की कार्यवाही हेतु निर्देशित करने के परिपालन में थाना प्रभारी उरगा निरीक्षक युवराज तिवारी के नेतृत्व में उरगा पुलिस टीम के द्वारा लगातार कार्यवाही कि जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 18.11.2024 को मुखबीर से सूचना के आधार पर ग्राम चीतापाली तालाब के पास एक व्यक्ति पीला रंग के बोरी के अंदर प्लास्टिक पन्नी में भारत कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है सूचना के स्थान पर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किये जहां मौके पर एक व्यक्ति उपस्थित मिला जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम जितेंद्र साहू उर्फ जीतू पिता राम प्रसाद साहू उम्र 27 वर्ष साकिन इमली डुग्गू बाय पास रोड थाना कोतवाली कोरबा का रहने वाला बताया बिक्री करने हेतु कच्ची महुआ शराब रखना स्वीकार किया उसके कब्जे से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब को कब्जा पुलिस लिया गया। थाना उरगा में अपराध क्रमांक 482/2024 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम पंजीबद्ध कर प्रकरण में आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर विवेचनादौरान न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।



CMYK

# टीम इंडिया के इन दो खिलाड़ियों पर ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज को भरोसा




**मेलबर्न, 18 नवंबर 2024।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज का पहला मुकाबला 22 नवंबर को पर्थ में खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले टीम इंडिया जमकर मेहनत कर रही है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया में खेली गई पिछली दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कमाल का प्रदर्शन किया है। ऐसे में भारतीय फैंस को इस बार भी टीम इंडिया से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। हालांकि टीम इंडिया हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 से टेस्ट सीरीज हारकर आ रही है। ऐसे में अगर टीम इंडिया को इस सीरीज में जीत हासिल करनी है तो उन्हें काफी ज्यादा मेहनत करनी होगी।

भारतीय टीम में कई स्टार खिलाड़ी मौजूद हैं। जो इस सीरीज में टीम इंडिया की जीत को संभाव बना सकते हैं। उसमें विराट कोहली और ऋषभ पंत जैसे बल्लेबाज मौजूद हैं। इसी बीच ऑस्ट्रेलिया के एक पूर्व खिलाड़ी और दिग्गज माइकल क्लार्क ने इन दोनों प्लेयर्स को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया है कि टीम इंडिया को इस सीरीज में जीत हासिल करनी है तो इन दोनों बल्लेबाजों को रन बनाना होगा।

### क्या बोले माइकल क्लार्क

माइकल क्लार्क ने विराट कोहली के रिकॉर्ड्स की जमकर तारीफ की है। उन्होंने बताया है कि ऑस्ट्रेलिया में विराट कोहली का रिकॉर्ड शानदार है। मुझे लगता है कि यहां पर उनका रिकॉर्ड भारत से भी बेहतर है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया में 13 टेस्ट मैचों में उन्होंने छह शतक लगाए हैं। क्लार्क ने अपने बयान में आगे कहा कि अगर टीम इंडिया को इस सीरीज में जीत हासिल करनी है तो विराट कोहली को सबसे ज्यादा रन बनाने होंगे और ऋषभ पंत को भी अच्छा करना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया शानदार है कोहली के रिकॉर्ड्स

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में भारत के लिए काफी जरूरी हैं। उनका रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया में काफी शानदार रहा है। विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में खेले गए 13 टेस्ट मैचों की 25 पारियों में 54.08 की औसत से 1352 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके नाम 6 शतक और 4 अर्धशतक भी दर्ज हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने कुल 25 टेस्ट मैचों में 2042 रन बनाए हैं। वहीं उनके नाम 8 शतक है। उनके आंकड़ों से यह तो साफ है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बल्लेबाजी करना पसंद करते हैं।

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कमेंट्री करते दिखेंगे चेतेश्वर पुजारा



**नईदिल्ली, 18 नवंबर 2024।** दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा फिलहाल भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं।टीम से बाहर चल रहे पुजारा अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 22 नवंबर से शुरू होने जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अब नई भूमिका में नजर आने वाले हैं।दरअसल, वह इस सीरीज में कमेंट्री करते हुए नजर आएंगे। दिलचस्प रूप से वह पहली बार कमेंट्री में अपना हाथ आजमाने जा रहे हैं।

## मेगा ऑक्शन से ठीक पहले आरसीबी का मास्टरस्ट्रोक

### ओमकार साल्वी को बनाया अपना नया बॉलिंग कोच!

**नईदिल्ली, 18 नवंबर 2024।** आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से शुरू होने से चंद दिनों पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने मुंबई की घरेलू टीम के हेड कोच ओमकार साल्वी को अपना फास्ट बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। हालांकि,खुद फ्रेंचाइजी ने अभी इस बात की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। मगर क्रिकेट के गलियारों में ये खबर फैल चुकी है कि आरसीबी ने नीलामी से पहले ओमकार साल्वी को अपने साथ जोड़ा है।





आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु ने अपने दल को और मजबूत बना लिया है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट में मुंबई के एक दिग्गज को जोड़ा है। खबरों की मानें, तो आरसीबी ने मुंबई के मौजूदा हेड कोच ओमकार साल्वी को इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 संस्करण के लिए अपने तेज गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है। मार्च में घरेलू सीजन् के समापन के बाद साल्वी विराट कोहली की आईपीएल टीम में भूमिका निभाएंगे। उनके नेतृत्व में मुंबई की टीम ने मार्च में 2023-24 रणजी ट्रॉफी और फिर अक्टूबर में ईरानी कप जीता था। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु से जुड़ने से पहले ओमकार साल्वी कोलकाता नाइट राइडर्स में सहायक गेंदबाजी कोच की भूमिका निभा चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि उनके भाई आविष्कार भारतीय महिला क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच हैं और पंजाब के मुख्य कोच थे (उन्होंने पिछले सीजन में उनके नेतृत्व में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी जीती थी)। ओमकार साल्वी भले ही लो प्रोफाइल कोच हो, लेकिन घरेलू स्तर पर उनकी उपलब्धियां काफी हैं। साल्वी 2023-24 सीजन से पहले मुंबई के हेड कोच के रूप में जुड़े और उन्होंने आते ही मुंबई को 42वीं रणजी ट्रॉफी जिताई। 8 सालों बाद यह मुंबई का पहला रणजी खिताब था और एमसीए ने बाद में साल्वी को एक और सीजन के लिए बरकरार रखने का फैसला किया. इतना ही नहीं फिर उनके अंडर में मुंबई ने 27 साल बाद ईरानी कप जीता।




## सिनर ने जीता एटीपी फाइनल्स

**ट्यूरिन, 18 नवंबर 2024।** जैनिक सिनर ने अपने शानदार सत्र का समापन वर्ष के आठवें खिताब के साथ किया, जिसमें उन्होंने अपना पहला निट्टो एटीपी फाइनल्स ट्रॉफी जीता। घरेलू पसंदीदा खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4 से हराया और टूर्नामेंट के 55 साल के इतिहास में पहले इतालवी चैंपियन बने। इसके अलावा, सीधे सेटों में जीत के साथ सिनर 1986 में इवान लेंडल के बाद बिना कोई सेट गंवाए एटीपी फाइनल जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए, जिससे उनके शानदार सत्र का पता चलता है, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत के साथ हुई और घरेलू धरती पर उनके पहले खिताब के साथ समाप्त हुई।

## भारत के वार्म-अप मैच न खेलने पर वॉन ने उठाया सवाल

**नईदिल्ली, 18 नवंबर 2024।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले वार्म-अप मैच न खेलने के भारत के फैसले पर सवाल उठाए हैं। हालांकि, यह मुद्दा सिर्फ टीम इंडिया से जुड़ा नहीं है।

भारत का यह दृष्टिकोण उनके पिछले दो ऑस्ट्रेलिया दौरों से अलग है, जहां उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए स्थानीय टीमों के खिलाफ प्रतिस्पर्धी अभ्यास मैच खेले थे।

2018/19 और 2020/21 के दोनों सीरीज में भारत ने इन मैचों का उपयोग सीरीज की तैयारी के लिए किया और उसके बेहतर नतीजे भी मिले। हालांकि, इस बार भारत का पहला प्रतिस्पर्धी मैच शुक्रवार से पर्थ स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टेस्ट मैच होगा।

वॉन ने सवाल उठाया कि क्या भारत ने ऑस्ट्रेलिया का उसके घर में सामना करने की चुनौती के लिए पर्याप्त तैयारी की है। उन्होंने नेट सत्र और मैच सिमुलेशन के पक्ष में वाका में तीन दिवसीय इंट्रा स्क्वाड मैच को रद्द करने के बीसीसीआई के फैसले पर हैरानी जताई।




वॉन ने फॉक्स स्पोर्ट्स से कहा, मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि भारत जैसी टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले सिर्फ एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलना चाहती है। इंट्रा-स्क्वाड मैच खेलकर आप खुद को उस प्रतिस्पर्धी मानसिकता में कैसे ला सकते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने वाका पर खेलने के महत्व को बात करते हुए कहा कि यह पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम की पिच के समान उछाल और गति प्रदान करता है। इस तरह एक बड़ा जोखिम उठाकर भारत ने एक बड़ा रिस्क लिया है।

उल्लेखनीय है, विदेशी दौरों पर अभ्यास मैच न खेलने वालों में भारत अकेला नहीं है। ऑस्ट्रेलिया ने भी पिछले साल भारत और इंग्लैंड के दौरे से पहले शेड्यूल संबंधी समस्याओं का हवाला देते हुए अभ्यास मैच नहीं खेले थे।अपनी खेल योजनाओं को बेहतर बनाने के लिए कोई अभ्यास मैच न होने के कारण, भारतीय टीम की अनुकूलन क्षमता की परीक्षा पर्थ स्टेडियम में पहली गेंद से ही होगी। वॉन के अनुसार, यह एक बड़ा कदम होगा और इसका परिणाम श्रृंखला के लिए माहौल तैयार कर सकता है।

## 3 खतरनाक फिनिशर्स के लिए होगी बिडिंग वॉर

### आखिरी बॉल पर भी पलट देते हैं रिजल्ट!

**नईदिल्ली, 18 नवंबर 2024।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 नीलामी की तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। 574 खिलाड़ी नीलामी में शामिल हुए हैं, जिसमें से 204 खिलाड़ियों के बिकने की उम्मीद है। इस बार के मेगा ऑक्शन में ढ़ेरों बड़े खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, इसलिए बिडिंग के पुराने रिकॉर्ड्स टूट सकते हैं। एक से बढ़कर एक बल्लेबाज और गेंदबाज नीलामी में उतरेंगे. इस बीच 3 ऐसे फिनिशर्स भी नीलामी में उतरे हैं, जिनके लिए टीमों के बीच बिडिंग वॉर हो सकती है।



साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाज आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में शामिल सबसे खतरनाक फिनिशर्स में से एक हैं। मिलर किलर के लिए कोई भी टीम बड़ी से बड़ी बोली लगाने से नहीं कतराएगी। मिलर के आईपीएल रिकॉर्ड्स की बात करें, तो उन्होंने 130 मैच खेले हैं, जिसमें 139 की स्ट्राइक रेट और 36.55 के एवरेज से 2924 रन बनाए हैं। मिलर अपने लंबे-लंबे छक्कों से फैंस को खूब रोमांचित करते हैं। देखने वाली बात होगी कि अगले सीजन वह किस टीम में नजर आएंगे।

वेस्टइंडीज के तूफानी बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल का नाम इस लिस्ट में शामिल है। उन्होंने 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइज के साथ नीलामी में अपना नाम ड्राफ्ट किया है. पॉवेल उन टीमों के लिए परफैक्ट ऑप्शन होंगे, जिन्हें फिनिशर की तलाश हो।

इस खिलाड़ी ने ना केवल इंटरनेशनल बल्कि आईपीएल में भी अपनी तूफानी बल्लेबाजी से जमकर रन बनाए हैं.विस्फोटक बल्लेबाज ने 26 आईपीएल मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 151.47 की स्ट्राइक रेट से 103 रन बनाए थे. पिछले सीजन उन्हें लगभग 8 करोड़ की रकम मिली थी और इस बार तो मेगा ऑक्शन है. ऐसे में उन्हें और बड़ी रकम मिल सकती है।



## भोजपुरी छोरी ने बढ़ाया पुष्पा राज का स्वैग

### मुलाकात के पल दिखाकर बोलीं...रील और रियल दोनों में फायर

भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने हाल ही में पटना के गांधी मैदान में आयोजित पुष्पा 2ः द रूल ट्रेलर लॉन्च पर पहुंचीं। वो इस खास इवेंट का हिस्सा बनीं और इसके बाद से ही वो चर्चा में आ गई हैं। तेलुगु सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की मौजूदगी में ट्रेलर लॉन्च इवेंट हुआ। क्षेत्रीय सितारों का तड़का लगाने के लिए इसमें अक्षरा सिंह शामिल हुईं। खूबसूरत इंडियन वियर में सजी अक्षरा सिंह ने अपने करिश्मे और आकर्षण से मंच पर धूम मचा दी, जिससे प्रशंसक दंग रह गए। इस कार्यक्रम के लिए उनका उत्साह साफ झलक रहा था, क्योंकि उन्होंने ब्लॉकबस्टर फिल्म के सितारों के साथ कई तस्वीरें बैक टू बैक साझा की हैं। अक्षरा ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के साथ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिससे प्रशंसकों को उनकी यादगार शाम की झलक देखने को मिली।

अल्लू अर्जुन के साथ अक्षरा की कई सेल्फी थी,जिसमें दोनों सितारे बेहद खूबसूरत लग रहे थे। अक्षरा ने पोस्ट को दिल से कैप्शन दिया। उनके कैप्शन में लिखा था, रील और रियल दोनों में फायर हैं। आपसे मिलकर खुशी हुई और आपकी सराहना के लिए धन्यवाद, मैं इसे हमेशा याद रखूंगी। रश्मिका मंदाना के साथ उनकी बातचीत में एक और आकर्षक क्षण उन्होंने दिखाया। दोनों अभिनेत्रियों ने कोरियाई दिलों के साथ पोज देते हुए और कैमरे के लिए फ्लाइंग किस का आदान-प्रदान करते हुए कूल तस्वीरें क्लिक कराई हैं। इस तस्वीर के लिए अक्षरा ने कैप्शन में लिखा, खूबसूरत दिल के साथ खूबसूरत पल।

## मिस इंडिया 2018 की रनरअप बन ऐसे फिल्मों में आईं मीनाक्षी चौधरी



साउथ अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी इन दिनों अपनी नई फिल्म मटका को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। आज आखिरकार सिनेमाघर में मटका रिलीज हो चुकी है। हालांकि, उम्मीद के मुकाबले इस फिल्म को दर्शक नहीं मिल पाए। मीनाक्षी चौधरी इस फिल्म में वरुण तेज के साथ नजर आई हैं। मटका के बाद भी मीनाक्षी के खाते में कई फिल्में हैं, जिसके जरिए वे प्रशंसकों का मनोरंजन करती नजर आएंगी। मॉडल और ब्यूटी क्वीन के रूप में उन्होंने तेलुगु और तमिल फिल्म उद्योग दोनों में पहचान बनाई है। उन्होंने फेमिना मिस इंडिया ग्रैंड इंटरनेशनल 2018 का खिताब जीता। मिस ग्रैंड इंटरनेशनल 2018 में प्रथम रनर-अप बनीं, जिसके बाद उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। मीनाक्षी का फिल्मी करियर अच्छा रहा है, उन्होंने कुछ साल में ही कई फिल्मों में काम किया है। ऐसे में चलिए जानते हैं अभिनेत्री की फिल्मों के बारे मेंउन्होंने वेब सीरीज आउट ऑफ लव से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, जो बीबीसी ड्रामा सीरीज डॉक्टर फॉस्टर का आधिकारिक रूपांतरण है। सीरीज में उन्होंने आलिया कश्यप का किरदार निभाया, जो एक 22 वर्षीय लड़की है, जो एक विवाहित व्यक्ति के साथ रिश्ते की जटिलताओं को संभालती है, जिसने अपने अभिनय करियर की शुरुआत से ही चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं निभाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। 2020 में मीनाक्षी को तेलुगु फिल्म इचता वाहनमुलु निलुपराडु में सुशांत के साथ मुख्य भूमिका में लिया गया। अपने डेब्यू के बाद उन्होंने रमेश वर्मा पेनमेत्सा द्वारा निर्देशित खिलाड़ी (2022) में अभिनय किया, जिसने उन्हें तेलुगु सिनेमा में एक उभरती हुई प्रतिभा के रूप में स्थापित किया।मीनाक्षी हिट- द सेकंड केस (2022) में भी नजर आई, जो एक तेलुगु भाषा की मिस्ट्री-थ्रिलर है, जिसने उन्हें अपने अभिनय कौशल के विभिन्न पहलुओं को तलाशने का मौका दिया। उनके अभिनय को खूब सराहा गया है, और हर प्रोजेक्ट के साथ उनके प्रशंसकों की संख्या बढ़ती गई। फिल्म का बजट 15 करोड़ रुपये था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 42.5 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म से पहले मीनाक्षी तेलुगु फिल्म खिलाड़ी में भी नजर आई थीं।2023 में मीनाक्षी चौधरी अभिनेता विजय एंटनी के साथ कोलाई में नजर आई थीं। हालांकि, इस फिल्म ने दर्शकों को निराश किया और यह फ्लॉप साबित हुई। 2024 में मीनाक्षी चौधरी साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ गुंटूर कारम में नजर आई, जिसे दर्शकों से मिली जुली प्रतिक्रिया मिली। इस फिल्म का बजट 200 करोड़ रुपये था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 172 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया और फ्लॉप साबित हुई।2024 में मीनाक्षी चौधरी सिंगापुर सैलून में नजर आई, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई। 50 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने चार से पांच करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। मीनाक्षी चौधरी 2024 में ही साउथ सुपरस्टार विजय के साथ द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम में नजर आई। फिल्म में अभिनेत्री के प्रदर्शन को सराहा गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म का बजट तकरीबन 400 करोड़ रुपये था, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 464.54 करोड़ रुपये की कमाई की। फिल्म ने औसत प्रदर्शन किया था।मीनाक्षी चौधरी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म लकी भास्कर में भी नजर आई। इस फिल्म में दुलकर सलमान मुख्य भूमिका में थे, जो अचानक अमीर बन जाते हैं। कहानी इस पर है कि अचानक भास्कर पर इतने पैसे कैसे आए। फिल्म में मीनाक्षी ने दुलकर सलमान की प्रेमिका की भूमिका निभाई थी। फिल्म का बजट 56 करोड़ रुपये बताया गया। फिल्म का प्रदर्शन सिनेमाघरों में अब भी जारी है और अब तक यह 60 करोड़ रुपये कमा चुकी है। अब मीनाक्षी मटका में नजर आई हैं, देखना यह होगा कि यह कितनी कमाई करती हैं। हालांकि, मीनाक्षी के करियर की ज्यादातर फिल्में फ्लॉप ही साबित हुई हैं। ऐसे में अभिनेत्री अब एक हिट की तलाश में हैं।

## धड़ाधड़ 4 डिजास्टर फिल्में देने के बाद अब स्टारकिड ने भरा दम




### सुपरहिट फ्रेंचाइजी के चौथे पार्ट से करेगा वापसी

बॉलीवुड में एक दौर था जब दर्शक के बीच स्टारकिड्स को पर्दे पर देखने के लिए बेकरारी रहती थी, लोग सुपरस्टार्स के बच्चों को भी हीरो-हीरोइन बनते देखना चाहते थे। इन सितारों के बच्चों में भी टैलेंट कूट-कूट कर भरा रहता था। अब उदाहरण के तौर पर राज कपूर के बेटे ऋषि कपूर को ही देख लें या फिर उसी की अगली पीढ़ी करीना कपूर और रणबीर कपूर की बात की जाए, इन सितारों ने अपनी चंद फिल्मों से ही ऐसी छाप छोड़ी की लोग इनके कायल हो गए, लेकिन आज कल के स्टारकिड्स में वो बात देखने को नहीं मिल रही है। पिता और मां के सुपरस्टार होने के बाद भी इन स्टारकिड्स में वो चार्म नहीं है। आज हम जिस स्टार किड की बात करने जा रहे हैं, इन्होंने अपने छोटे से करियर में फ्लॉप फिल्मों की झड़ी लगा दी है। ये कोई और नहीं बल्कि टाइगर श्रॉफ हैं, जिन्होंने बैक टू बैक चार महा फ्लॉप फिल्में दी हैं। इन फिल्मों में सिंघम अगेन, गणपत, बड़े मियां छोटे मियां और हीरोपंती 2 शामिल हैं। चारों ही फिल्में बड़े पर्दे पर फ्लॉप रही और अपना बजट भी नहीं निकाल सकीं। औनी पॉनी कमाई करने वाली फिल्मों में नजर आने के बाद अब टाइगर श्रॉफ अपनी बिग बजट सुपरहिट फ्रेंचाइजी फिल्म बाघी 4 के साथ कमबैक करने के लिए तैयार हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से




**चार बैठकों में होंगे अहम मुद्दों पर विचार**

**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कुल चार बैठकें होंगी। विधानसभा सचिवालय ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है।
इस सत्र में राज्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। विपक्षी दल सरकार की नीतियों पर सवाल उठाएंगे, वहीं सरकार अपने विकास कार्यों और योजनाओं का बचाव करेगी। यह सत्र आगामी बजट और राज्य की योजनाओं के क्रियान्वयन की तैयारियों के लिहाज से भी अहम होगा।

### विष्णुदेव सरकार का बड़ा कदम



**लोगों को उकसाने के आरोप में इस संगठन को किया प्रतिबंधित**

**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** विष्णुदेव साय सरकार ने सुरक्षा बल के कैंपों का विरोध और लोगों को उकसाने के आरोप में एक संगठन को राज्य में प्रतिबंधित कर दिया है। राज्य सरकार की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार मूलवासी बचाओ मंच संगठन की गतिविधियों को छत्तीसगढ़ में प्रतिबंधित कर दिया गया है।

### आबकारी अफसर रहे अरुण पति त्रिपाठी के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू



**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** छग में शराब में हुए कथित भ्रष्टाचार के मामले में घिरे भारतीय दूर संचार सेवा (आईटीएस) के अफसर अरुण पति त्रिपाठी के खिलाफ अब केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई जांच करेगी। छत्तीगसढ़ सरकार ने त्रिपाठी के खिलाफ सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। यहां आबकारी विभाग में विशेष सचिव रहने के दौरान उन पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। त्रिपाठी के खिलाफ ईडी और एसीबी की जांच चल रही है। त्रिपाठी के खिलाफ झारखंड में भी शराब घोटाला का आरोप लगा है।

### तेलीबांधा देवारपारा में हुई हिंसक झड़प




**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** राजधानी के देवारपारा में रविवार रात छठी कार्यक्रम के दौरान दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस झड़प में कई महिला, पुरुष और बुजुर्ग घायल हो गए। . घटना का कारण पुरानी रंजिश और गवाही देने को लेकर हुए विवाद को बताया जा रहा है।. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। यह मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, यह विवाद एक युवक की हत्या के मामले में गवाही देने को लेकर शुरू हुआ। हत्या के आरोप में जेल गए आरोपियों के परिजनों ने मृतक के परिजनों पर पत्थर,लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें झड़प के दौरान घायल महिला, पुरुष और बच्चे नजर आ रहे हैं। वहीं घर में ईंटें और पत्थर भी नजर आ रहे हैं। बलवा की सूचना मिलते ही तेलीबांधा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

# आदिवासी विकास प्राधिकरण की बैठक में बड़ा फैसला

**» बस्तर में पर्यटन को बढ़ावा देने बनेगा टूरिज्म कॉरिडोर...**

**रायपुर,18 नवम्बर 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में चित्रकोट में आयोजित बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की पहली बैठक में बस्तर में पर्यटन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए टूरिज्म कॉरिडोर बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही बस्तर अंचल के पर्यटन के लिए चिन्हित स्थानों को विकसित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। बैठक में बस्तर में एनएमडीसी द्वारा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के संबंध में भी चर्चा की गई। इस मौके पर साय ने सौर समाधान और मनो बस्तर एप्प लॉन्च किया तथा सौर ऊर्जा चलित पॉवर बैंक का शुभारंभ किया।
मुख्यमंत्री साय ने संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के उन्नयन कार्यक्रम के लिए कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में स्थित धूड़मारास गांव के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बस्तर को नई पहचान मिली है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र के पर्यटन ग्राम उन्नयन कार्यक्रम के लिए 60 देशों से चयनित 20 गांवों में भारत के छत्तीसगढ़ राज्य के धूड़मारास ने भी अपनी जगह बनाई है।
मुख्यमंत्री साय ने प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने बस्तर और सरगुजा के विकास पर अपना ध्यान विशेष रूप से केंद्रित किया है। इन क्षेत्रों के विकास में आदिवासी विकास प्राधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं होगी। सीएसआर मद में भी काफी राशि उपलब्ध है। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र और राज्य दोनों में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए संवेदनशील सरकारें हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवादी आतंकवाद को खत्म करने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में राज्य में बेहतर काम हो रहा है। माओवादी आतंकवाद छोटे से क्षेत्र में सिमट कर रह गया है। हम लोगों ने बस्तर में पूर्ण शांति बहाली करते हुए अंदरूनी क्षेत्रों तक लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने का संकल्प लिया है। यह तभी होगा जब शासन के प्रति नागरिकों का विश्वास मजबूत होगा। यह विश्वास विकास से ही निर्मित होगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से सड़क, पुल-पुलिया, स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी, पेयजल, बिजली, मोबाइल टॉवर जैसी अधोसंरचनाएं अंदरूनी गांवों तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्लानार योजना के तहत 34 नए सुरक्षा कैंप खोले गए हैं जहां ग्रामीणों को विभिन्न सुविधाएं भी दी जा रही हैं। बस्तर में शांति कायम हो, इसके लिए केंद्र और राज्य दोनों सरकारें सतत प्रयास कर रही हैं। बैठक में मंत्रियों, सांसदों, विधायकों से अमूल्य सुझाव मिले। सभी टीम भावना से काम करके विकास के प्रति एकजुटता दिखाएं।
बैठक में खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, सहित बस्तर सांसद महेश कश्यप और बस्तर संभाग के समस्त विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, प्रमुख सचिव आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विभाग, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद और राहुल भगत, सदस्य सचिव प्राधिकरण डॉ बसवराजु एस., विभिन्न विभागों के सचिव, कमिश्नर बस्तर, आईजी, सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक बैठक में उपस्थित थे।



### केशकाल घाट सुधार कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश

मुख्यमंत्री साय ने केशकाल घाट सुधार कार्य को जल्द पूर्ण कराने और प्राधिकरण मद से स्वीकृत सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण कराने निर्देशित किया। उन्होंने कलेक्टर बस्तर को देवगुड़ी, मातागुडी के अप्रारंभ कार्यों को डेढ़ महीने में पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। मुख्यमंत्री साय ने दंतेवाड़ा के ग्राम नेरली, धुरली में लाल पानी की समस्या सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए एनएमडीसी को समाधानकारक उपाय करने के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर संयुक्त बैठक कर आवश्यक पहल करें।

### मंत्रीगणों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिया सुझाव

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। नियद नेल्लानार जैसी योजना और बस्तर ओलंपिक का आयोजन मुख्यमंत्री जी के विकास की पहल को दर्शाता है। वन मंत्री केदार कश्यप ने मत्स्यपालन, डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा देने और किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने नदी किनारे विद्युत लाईन बिछाने, अटल व्यावसायिक परिसर, एफआरए क्लस्टर में सामूहिक खेती को प्रोत्साहित करने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बस्तर में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, ऐसे में बस्तर में नई खेल अकादमियों की स्थापना के लिए पहल की जाए।वित्त मंत्री ओ.पी चौधरी ने क्षेत्र में होटल मैनेजमेंट संस्थान, नर्सिंग कॉलेज, ऑर्गेनिक, नैचुरल फॉर्मिंग प्रारंभ करने पोटा केबिन को स्थायी बनाने का सुझाव दिया। बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने बस्तर क्षेत्र में शिक्षा, उद्यमिता के विकास के लिए कार्ययोजना बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने प्रत्येक गांव में कृषि सेवा केंद्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि बस्तर को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व पटल पर स्थापित करने पर भी बल दिया। विधायक किरणदेव सिंह ने कहा कि शोधार्थी छात्रों को सुविधाएं देने सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटल लैबोरेटरी की स्थापना की जाए।

### आकांक्षी जिलों में अभियान चलाकर रिक्त पदों की भर्ती

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा कि बस्तर क्षेत्र में पुलिस बलों को बड़ी सफलता मिल रही है। प्रभावित क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को पहुंचाने 95 गांवों में सर्वे किया जा रहा है। उन्होंने आकांक्षी जिलों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए जिला प्रशासन को अभियान चलाकर प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। कांकेर कलेक्टर ने बैठक में बताया कि रावघाट परियोजना के तहत प्रभावित सभी किसानों को मुआवजा दिया जा चुका है। बीएसपी के प्रतिनिधि ने बताया कि प्रभावित क्षेत्र के 153 युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। सचिव शिक्षा ने बताया कि बस्तर अंचल में एक भी स्कूल बंद नहीं किया गया है। उन्होंने भवनविहीन स्कूलों के लिए भवन का प्रावधान करने की जानकारी दी।

### सीएम साय ने बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में एनएमडीसी के रवैये पर जताई नाराजगी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज चित्रकोट में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक शुरू हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने एनएमडीसी के रवैये पर नाराजगी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने सी एस आर मद में प्रेषित प्रस्तावों को शीघ्र स्वीकृत करने प्रबंधन को दिए निर्देश। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर समस्याओं के समाधान के लिए निर्देश दिया।

# रायपुर के अस्पतालों में अव्यवस्था का आलम

**» कहीं एक्सपायर सिलेंडर...तो कहीं फायर फाइटर सिस्टम पूरी तरह जर्जर...**




**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के झांसी में अस्पताल में हुई आगजनी की घटना में 10 नवजात बच्चों की मौत हो गई और कई बच्चे इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। ऐसे में छत्तीसगढ़ के अस्पताल आगजनी की घटना और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए कितने तैयार हैं क्या झांसी की घटना से प्रदेश की राजधानी रायपुर के अस्पतालों ने सबक लिया या नहीं छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और पूरा स्वास्थ्य महकमा बैठता हैं। वहां आपातकालीन स्थिति या आगजनी की घटना से निपटने के लिए अस्पताल में क्या तैयारी है। अस्पताल में दिखे एक्सपायर सिलेंडर वहीं जब हॉस्पिटल में जांच की गई तो पता चला कि अगर अस्पताल में कोई आगजनी की घटना हो जाती है तो यहां सिलेंडर के नाम पर सिर्फ डमी टंगी हुई है.। दरअसल,यहां लगा फायर सिलेंडर जुलाई महीने में ही एक्सपायर हो चुका है, लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। सिर्फ यही नहीं अस्पताल में और भी जो आग बुझाने के लिए फायर सिलेंडर लगे हुए हैं वह भी एक्सपायर हो चुके हैं। ऐसे में अगर अस्पताल में कोई आगजनी की घटना हो जाती है तो उससे कैसे निपटा जाएगा। यह सब कुछ भगवान भरोसे ही है.वहीं जब इस बारे में अस्पताल में मौजूद डॉक्टर अमोल उपाध्याय से बात की गई, तो उन्होंने कहा, अस्पताल में मौजूद फायर सिलेंडर एक्सपायर हो चुके हैं जिसकी जानकारी विभाग को भेजी गई है लेकिन अभी तक विभाग की तरफ से कोई आया नहीं है। लगातार पत्राचार किया जा रहा है आने वाले दिनों में नए फायर सिलेंडर लगा लिए जाएंगे। भीमराव अंबेडकर अस्पताल के हालात भी खराब हैं। जहां कुछ दिन पहले ही ट्रामा सेंटर में आगजनी की घटना हुई थी. इसके बावजूद यहां हालात वैसे ही हैं. अस्पताल में 12 साल पहले 3 करोड़ की लागत से फायर सिस्टम लगाया गया था और पाइपलाइन बिछाई गई थी, लेकिन मेंटेनेंस और ऑडिट नहीं होने के कारण पाइपों में जंग लग चुका है, नोजल जाम हो चुके हैं। इस अस्पताल में प्रदेश भर से मरीज पहुंचते हैं.। ऐसे में यहां चाइल्ड वार्ड और गायनोकॉलोजी डिपार्टमेंट के सामने एक्सपायरी सिलेंडर लटकाना किसी बड़े हदसे को आमंत्रित कर रहा है।

# सीएम विष्णुदेव साय ने किसानों को दिया एक और तोहफा

**» किसान धान खरीदी केन्द्रों में माइक्रो एटीएम से निकाल सकेंगे रुपए**



**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और बड़ी सुविधा दी है। इससे किसानों को तत्काल राशि की जरूरत पूरी हो सकेगी. धान बेचने केंद्रों में पहुंचे किसान अब वहां माइक्रो एटीएम से दो हजार रूपए से लेकर दस हजार रूपए तक की राशि निकाल सकेंगे. मुख्यमंत्री साय द्वारा दी गई इस सुविधा से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। राज्य में 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा किसानों को उनके द्वारा बेचे गए धान के एवज में 72 घंटे के भीतर उनके बैंक खातों में भुगतान की व्यवस्था भी शासन ने सुनिश्चित की है लेकिन किसानों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने 10 हजार रूपए तक की राशि माइक्रो एटीएम से तुरन्त प्रदान किए जाने की सुविधा दी है। किसानों को धान बेचने के लिए उपार्जन केन्द्र तक उसके परिवहन के लिए किराए पर लिए गए ट्रैक्टर, मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली-मजदूरी का भुगतान करने के लिए अब न तो किसी से राशि उधार लेने की जरूरत होगी, न ही बैंक का चक्कर लगाना होगा। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त इस सुविधा से किसान बेहद प्रसन्न है।

# सेक्स सीडी मामले में आया नया मोड़

**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** एक बड़े घटनाक्रम में सीबीआई ने सेक्स सीडी कांड की दीगर राज्य में सुनवाई करने का अपना आवेदन वापस ले लिया है। सीबीआई ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आवेदन देकर, अपना पुराना आवेदन वापस ले लिया है। सीडी कांड, 27 अक्टूबर 2017 को उजागर हुआ था। इस मामले में पूर्व सीएम भूपेश बघेल और उनके सलाहकार कांग्रेस नेता विनोद वर्मा आरोपी हैं, और वो जमानत पर हैं। उन पर अश्लील सीडी वायरल करने का आरोप है। इस प्रकरण पर चालान पेश हो चुका है लेकिन आगे की सुनवाई कानूनी अड़चनों के कारण नहीं हो पा रही है। इस पूरे मामले में कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल, और विनोद वर्मा को गिरफ्तार भी किया था। विनोद वर्मा के नोएडा स्थित निवास पर भी छापेमारी की थी। वो करीब तीन महीने जेल में भी रहे। बाद में वो जमानत पर छूट गए। इस पूरे मामले में सीबीआई ने करीब 2 सौ लोगों को गवाह बनाया है।







# सिमगा नगर पालिका की गई गठित

**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** राज्य शासन द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के सिमगा नगर पंचायत को नगर पालिका गठित करने के संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राजपत्र में इस संबंध में अधिसूचना का प्रकाशन कर दिया गया है। राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार नगर पंचायत सिमगा की सीमाएं ही नगर पालिका परिषद सिमगा की सीमाएं होंगी।



# मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा का बड़ा आरोप

**सोशल मीडिया में पोस्ट कर कही ये बात**

**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने लगातार सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कांग्रेस और पीसीसी चीफ दीपक बैज पर तीखे हमले किए हैं। पंकज झा ने दीपक बैज को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की संगत छोड़ने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि अगर दीपक बैज उनकी संगत में रहे, तो कहीं के नहीं रह जाएंगे। पंकज झा ने अपने पोस्ट में कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान हुई नक्सल-पुलिस मुठभेड़ों और कोरोना काल के घटनाक्रम पर सवाल उठाए। उन्होंने दीपक बैज और अन्य कांग्रेस नेताओं के जश्न मनाते हुए कुछ पुरानी तस्वीरें भी साझा की हैं। एक पोस्ट में पंकज झा ने लिखा, आइये दीपक बैज, आपको बताता हूं और याद भी दिलाता हूं कि पिकनिक किसे कहते हैं। याद आया या तारीख समेत बताऊं ? तारीख 4 अप्रैल 2021 थी। बस्तर में हमारे वीर जवान नक्सलियों से मुकाबला कर रहे थे। उस दिन 22 वीर जवान शहीद हुए थे। दूसरी तरफ, असम में चुनावी दौर चल रहा था। आप बस्तर से सांसद थे और बगल में दिख रहे सज्जन छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री थे। दोनों दिनभर की चुनावी थकान असम में हास-परिहास करके मिटा रहे थे। इस दौरान शहीद जवानों के शवों को एकत्र करने और गिनने का काम जारी था। पंकज झा ने इस पोस्ट के जरिए कांग्रेस और उसके नेताओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं, जो राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है।

# रबी सीजन में धान बोने पर कार्रवाई की धमकी दे रहे अफसर

**» आदेश का करेंगे विरोध, भाजपा नेता श्रीवास्तव बोले किसानों पर कोई दबाव नहीं...**

**रायपुर,18 नवम्बर 2024(ए)।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने सरकार पर रबी फसलों के लिए जिला प्रशासन द्वारा जारी आदेश को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित किया जा रहा है। धान की जगह दलहन-तिलहन बोने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं धान बोने पर किसानों पर कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने मौखिक आदेश भी दिया गया है। इस आदेश का कांग्रेस विरोध करेगी। वहीं भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस आदेश पर कहा है कि किसानों पर कोई दबाव नहीं है. छत्तीसगढ़ में अक्टूबर से दिसंबर तक रबी फसलों की बोवाई होती है, जहां ज्यादातर किसान ठंड में भी धान की बोवाई करते हैं. बोवाई को लेकर तीन जिला कलेक्टरों द्वारा जारी किए गए आदेश पर अब सवाल उठने लगा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने बताया कि सारे गांव से जानकारी मिल रही है कि कोटवारों द्वारा मुनादी कराकर धान की फसल नहीं लेने की धमकी दी जा रही. साथ ही धान बोने पर जुर्माना लगाकर कार्रवाई भी करने की चेतावनी दी जा रही है।
धनेंद्र साहू ने ये भी कहा आदेश लिखित में न देकर मौखिक आदेश अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है. धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान की जगह दलहन-तिलहन की खेती करने किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, किसानों का अधिकार है कि खेत के अनुकूल फसल लगाए।. किसान कोई अफ़ीम या गांजा नहीं उगा रहे, जिसे सरकार बैन कर रही है, लेकिन अब ऐसा फरमान सरकार ने जारी किया है, जिससे सरकार की नीति पर सवाल उठ रहा है. किसान विरोधी नीति भाजपा सरकार ने लाई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनेंद्र साहू ने इस बात को भी उजागर किया कि रमन सरकार के वक्त भी सरकार ने ऐसा आदेश जारी किया था, जिसे बाद में विरोध के कारण वापस ले लिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल इस किसान विरोधी आदेश को निरस्त करना चाहिए।



### किसानों पर कोई दबाव नहीं:भाजपा

रबी सीजन में धान बुआई नहीं करने के आदेश पर भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, मूलतः छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है. इसमें किसी प्रकार का संशय नहीं है कि धान हमारे लिए प्राथमिकता है।. बदलते समय में किसानों को कौन सी फसल लगानी है और उसके लाभ के लिए विचार मंथन होता है, इसके लिए जरूरी नहीं कि इसमें कार्यवाही होगी। किसानों ऊपर कोई दबाव नहीं है। किसान यदि आज 100 रुपए कमा रहा है तो कल 200 कैसे कमाए, इसकी जानकारी देना सरकार की जिम्मेदारी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)